सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 02 मार्च, 2024 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 61, पेज 12, 2.00 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com



**सेंसेक्स-निफ्टी उच्चतम स्तर पर पहुंचे**

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,245 .05 अंक यानी 1 .72 प्रतिशत उछलकर 73,745 .35 अंक पर पहुंच गया। } 11

**महिलाओं के नेतृत्व में विकास का युग शुरू**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का युग शुरू हो गया है क्योंकि महिलाएं राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और यह प्रवृत्ति देश के लिए उत्साहजनक है। } 12

## बंगलुरु के कैफे में विस्फोट

### आतंकी मॉड्यूल पर शक, नौ घायल, जांच में जुटी एनआईए

एजेंसी



बेंगलुरू। बेंगलुरू के एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को बम विस्फोट होने से कम से कम नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। विस्फोट की वजह संदिग्ध गैस रिसाव नहीं होने की बात सामने आने के बाद पुलिस ने सभी कोणों से इस घटना की जांच शुरू की है।

पुलिस को संदेह है कि इस कैफे में एक बैग में परिष्कृत विस्फोटक (आईईडी) था जिससे यह विस्फोट हुआ हो सकता है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और आईबी को इस मामले की जानकारी दे दी गयी है। एनआईए की स्थानीय इकाई के अधिकारी बाद में घटनास्थल पर पहुंच गये। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि व्हाइटफील्ड में लोकप्रिय रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की वजह और प्रकृति का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है तथा आशंका है कि कि आईईडी से यह विस्फोट हुआ है। उन्होंने कहा कि इस घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए तथा सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग इसमें शामिल होंगे, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राज्यपाल से मिले सीएम योगी, मंत्रिमंडल विस्तार शीघ्र

### रालोद के विधायक, सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाने की चर्चाएं तेज

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार को दिल्ली से लौटते ही प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चायें तेज हो गयीं। इन चर्चाओं को तब और बल मिल गया। जब मुख्यमंत्री ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। माना जा रहा है कि यह मुलाकात दिल्ली में हुई बातचीत के सिलसिले में ही थी। शुक्रवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार रविवार को हो सकता है।

योगी मंत्रिमंडल के विस्तार की महीनों से चल रही चर्चाओं पर जल्द विराम लग सकता है। बीते वर्ष ओम प्रकाश राजभर के दोबारा एनडीए का हिस्सा बनने के साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चायें शुरू हो गयी थी। इसके बाद दारा सिंह चौहान के पाला बदल इसको और हवा दे दी। फिर भी मामला लटका रहा। जानकारों का कहना है कि भाजपा तब रालोद को भी साथ लाने की कवायद कर रही थी। अब रालोद भी एनडीए का हिस्सा है। राज्यसभा चुनाव में रालोद ने एनडीए के पक्ष में मतदान कर अपनी पहली परीक्षा में पास भी हो चुका है। इसी महीने में तीसरे सप्ताह तक लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने की संभावना है। ऐसे में माना जा रहा है कि अब मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। सूत्रों के अनुसार टीम योगी में सुभासपा और रालोद कोटे से एक-एक मंत्री बन सकता है। हालांकि रालोद द्वारा एक राज्यमंत्री पद की भी मांग की जा रही है। सुभासपा से ओम प्रकाश राजभर सरकार का हिस्सा बनेंगे। फिलहाल एमएलसी बने दारा सिंह चौहान का नाम भी मंत्रिमंडल में शामिल होने वालों में शामिल बताया जा रहा है। चर्चा तो मौजूदा मंत्रियों के कुछ विभाग परिवर्तन को लेकर भी है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाग लेकर लौटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात को मंत्रिमंडल विस्तार से जोड़कर ही देखा जा रहा है। वहीं सुभासपा प्रमुख ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

#### तंबाकू व्यापारी के प्रतिष्ठानों पर छापा

लखनऊ। चोरी की आशंका में आयकर की अलग-अलग टीमों ने कानपुर से कारोबार शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी के कानपुर, दिल्ली, अहमदाबाद समेत 14 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा था। विभाग की जांच दूसरे दिन भी जारी है। जानकारी के अनुसार, साढ़े चार करोड़ नकदी बरामद हुई है। इसके अलावा, 50 करोड़ कीमत की लग्जरी कारें जैसे मर्सिडीज, रोल्स रॉयस, लेम्बोर्गिनी आदि मिली हैं। कारोबारी 25 से 30 करोड़ का टर्नओवर दिखा रहे थे, जोकि जांच में 100 करोड़ से ऊपर का मिला है। अधिकारी दस्तावेजों को खंगाल रहे है। बता दें कि पहले दिन भी देर रात तक जांच-पड़ताल चली थी। यहां से टीमों ने बड़े पैमाने पर दस्तावेज, लैपटॉप, मोबाइल आदि जब्त किए। यह कार्रवाई कुछ दिन पूर्व एक बड़े पान मसाला कारोबारी के यहां पड़े छापे के बाद मिले इनपुट पर की गई। आयकर के 50 से ज्यादा अधिकारियों की टीमों ने गुरुवार दोपहर बाद वंशीधर श्रीराम फर्म के तीन प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। बड़े पैमाने पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

#### यूपी बोर्ड प्रश्न पत्र लीक में कॉलेज प्रबंधक गिरफ्तार

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में राज्य बोर्ड की इंटरमीडिएट के गणित और जीव विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कॉलेज संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, पेपर लीक होने के मामले में रोझौली गांव स्थित अतर सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह उर्फ हुड्डा, उनके बेटे कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौहान, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह और स्टेटिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी कॉलेज प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके बेटे की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# लोकसभा चुनाव में जीतेंगे 400 सीटें : मोदी

## झारखंड को दी 35,700 करोड़ की सौगात



एजेंसी

बरवा अड्डा (झारखंड)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को झारखंड के धनबाद में चुनावी बिगुल फूंकते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेगा क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन जल जीवन मिशन एवं आवास योजना के कार्यान्वयन में रुकावटें पैदा कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने यहां विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा, आगामी लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। जहां दूसरों से सारी उम्मीदें खत्म होती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। उन्होंने कहा कि उत्तरी करणपुरा बिजली परियोजना और सिन्द्री उर्वरक इकाई जैसे संयंत्रों का पुनरुद्धार मोदी की गारंटी के पूरा होने का उदाहरण है। झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर तीखा हमला करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि इसने राज्य को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा मैंने झारखंड से बरामद नोटों के इतने बड़े बंडल नहीं देखे हैं, लोगों से जो भी पैसा लूटा गया है, उन्हें वापस करना होगा। यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा राज्य में झामुमो के नेतृत्व वाले ...शेष पृष्ठ 10 पर

## प्रधानमंत्री मोदी ने ममता पर साधा निशाना



एजेंसी

आरामबाग (पश्चिम बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है।

मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की भी आलोचना की। उन्होंने हुगली जिले के आरामबाग में एक रैली में कहा, चोट का जवाब वोट से देना है। प्रधानमंत्री ने कहा, उपलब्धियों के बीच आज बंगाल की स्थिति पर पूरे देश की नजर है। मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है। संदेशखालि की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया, वह शर्म की बात है। ममता बनर्जी सरकार के 2011 में सत्ता में आने के बाद से उनकी पार्टी का नारा मां, माटी और मानुष उसकी एक बड़ी पहचान बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार की मंशा सही साबित हुई है और पिछले 10 साल में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। मोदी ने पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के आरामबाग क्षेत्र ..शेष पृष्ठ 10 पर

## रक्षा मंत्रालय ने 39,125 करोड़ रुपये के खरीद सौदे पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली। भारत ने सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमताओं को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत शुक्रवार को 39,125 करोड़ रुपये के पांच प्रमुख रक्षा अधिग्रहण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों में मिग-29 जेट के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें, रडार, हथियार प्रणालियों और हवाई-इंजन की खरीद भी शामिल है।

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ भारत के काफी समय से चल रहे सीमा विवाद के बीच यह व्यापक खरीद समझौते किए गए हैं और इन्हें घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीति के व्यापक ढांचे के तहत लागू किया जाएगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में अनुबंधों का आदान-प्रदान किया गया। इसमें कहा गया, ये सौदे रक्षा बलों की स्वदेशी क्षमताओं को और सुदृढ़ बनाएंगे, इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और भविष्य में विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं पर निर्भरता कम होगी। ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो अलग-अलग अनुबंध किए गए। पहला समझौता 19,518.65 करोड़ रुपये ...शेष पृष्ठ 10 पर

## निर्वाचन आयोग ने लोस चुनाव को लेकर की बैठक

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कॉफी टेबल बुक किया विमोचन



वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरूण गोयल समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश भ्रमण के दूसरे दिन शुक्रवार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मण्डल और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने जनपद और मण्डल स्तरीय अधिकारियों से लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं आदि के संबंध में जानकारी हासिल की। इससे पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरूण गोयल एवं आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विधानसभा के तिलक हॉल में कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। बैठक में सीईसी ने युवाओं और महिलाओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पानी, पंखा, बिजली, छाया सहित अन्य व्यवस्थाएं करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## शासकीय कार्यों की बेहतर बनाने के लिए नियुक्त होंगे विशेषज्ञ

नयी दिल्ली। शासकीय कार्यों की सुगमता को और बेहतर बनाने के वास्ते मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत निजी क्षेत्र के 25 विशेषज्ञ जल्द ही केंद्र में प्रमुख पदों पर नियुक्त किये जायेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में तीन संयुक्त सचिवों और 22 निदेशकोंउप सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। आमतौर पर, संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के पद अखिल भारतीय सेवाओं - भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ज्ञानवापी की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

### पूजा स्थल अधिनियम के हवाले से मुस्लिम पक्ष ने दी चुनौती

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की अपील पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया, जिसमें व्यवस्था दी गयी थी कि वाराणसी में मस्जिद वाली जगह पर मंदिर के पुनर्स्थापना की मांग करने वाले वाद सुनवाई योग्य हैं।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, हम इसे मुख्य मामले के साथ संलग्न करेंगे। ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद समिति की ओर से इस संबंध में उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की गई है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले साल 19 दिसंबर को ज्ञानवापी मस्जिद वाली जगह पर मंदिर के पुनर्स्थापना की मांग वाले 1991 के मुकदमे की सुनवाई योग्यता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि किसी विवादित स्थल का धार्मिक चरित्र केवल अदालत द्वारा तय किया जा सकता है। उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के स्वामित्व को लेकर वाराणसी की एक अदालत में लंबित मूल वाद की पोषणीयता ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 28.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 19.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- अयोध्या में 8 लाख को मिला आयुष्मान का लाभ (पृष्ठ-02)
- लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर बनेगा विलेज हाट (पृष्ठ-02)
- मप्र में 75,000 करोड़ निवेश करेगा अडाणी समूह (पृष्ठ-11)
- सोना 350 रुपये चढ़ा, चांदी 400 रुपये मजबूत (पृष्ठ-11)
- न्यूजीलैंड ने टेस्ट के दूसरे दिन वापसी की (पृष्ठ-11)


**विशेष खबर** केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश को दी 15800 करोड़ की सौगात

## सड़कों के निर्माण से विकसित होंगे गांव : गडकरी



रायबरेली/जौनपुर/मिर्जापुर। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर, मिर्जापुर और रायबरेली जिले को 15800 करोड़ रुपये की सौगात दी। मिर्जापुर में जहां उन्होंने मिजार्पुर-प्रयागराज हाईवे, माधोसिंह पर फ्लाईओवर और जिले में स्मार्ट विलेज बनाने की भी बात कही।

उन्होंने कहा कि जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने कहा था कि भारत के पिछडेपन का कारण उसकी सड़कें हैं। इसको अमल में लेते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की थी। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सड़कों के विकास में प्रगति हुई है उन्होंने कहा कि मैंने भारत की सड़कों का अध्ययन किया और पाया कि यदि देश की सड़के सुधर जाए तो देश बहुत जल्दी ही विकसित राष्ट्र बन जाएगा। सड़के अच्छी होने से स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यवसाय, रोजगार, पानी और आयात निर्यात की सुविधा होती है। जिससे आधारभूत सुविधाओं को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि मैंने राजमार्ग मंत्रालय को बहुत कुछ दिया है मेरा कहना है कि मैंने कुछ नहीं दिया जो आपका था उसी को वापस किया। सड़कों के निर्माण से गांव, गरीब और समाज का कल्याण होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के कथनों को दोहराते हुए कहा कि हमारे शहर ही स्मार्ट सिटी ना बने बल्कि गांव भी स्मार्ट गांव बने। उन्होंने कहा कि पहले गांव में रोजगार नहीं था। किसानो को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता था। विद्यालय अच्छे नहीं थे। गांव के किसानों को मजदूरी करने के लिए महानगरों में जाना पड़ता था। अब सड़कों के निर्माण से उनकी आधारभूत आवश्यकताएं पूरी होने लगी है। उनको अपने गांव में ही रोजगार मिलने लगा है। उन्होंने भारत की क्रूड ऑयल निर्भरता के संबंध में बोलते हुए कहा कि अब हमारी चीनी मिलों से एथेनॉल बनाए जाने लगा है जिससे हमारी खाड़ी देशों से क्रूड ऑयल की आत्मनिर्भरता कम हुई है। हम लोग एथेनॉल के माध्यम से स्वयं ही बायो डीजल बनाने लगे हैं। जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी बल्कि पर्यावरण भी स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पंजाब और हरियाणा की पराली से भी ईंधन बनाने का कार्य शुरू किया है। इससे दिल्ली ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सड़क हादसों में पांच की मौत, दो लोग घायल

विशेष संवाददाता

- सहारनपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने मां-बेटी को रौंदा
- बाराबंकी में ट्रक की चपेट में आने से तीन की गयी जान

लखनऊ। सहारनपुर, बाराबंकी जिले में सड़क हादसे में पांच लोगोंकी मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूपसे घायल हो गए। सहारनपुर के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने बताया कि जिले के छुटमलपुर कस्बे के रहने वाले इरशाद बृहस्पतिवार रात को अपनी पत्नी, बेटी और दो बच्चों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक शादी समारोह से घर लौट रहे थे कि दिल्ली-यमुनोत्री राजमार्ग पर एक ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में पत्नी गुलिस्तां (30) और बेटी अलफिसा (सात) की मौत हो गई जबकि इरशाद और बेटा अरशद (आठ) घायल हो गए। हालांकि उनका दो वर्षीय बेटा असद हादसे में बाल-बाल बच गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। घायलों को चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस ट्रक चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। वहीं बाराबंकी में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

## यूपी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सदस्यों के चुनाव क्यों नहीं कराये जा रहे हैं

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार से यू पी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सदस्यों के चुनाव नहीं कराये जाने पर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवायी 11 मार्च वाले सप्ताह में नियत किया है। यह आदेश जस्टिस ए आर मसूदी एवं जस्टिस बी आर सिंह की बेंच ने मुहम्मद इषहाक की याचिका पर पारित किया। याची का कहना था कि वक्फ अधिनियम 1995 की धारा 14 (1)(ब) के तहत सदस्यों के चुनाव नहीं कराये जा रहे हैं जिससे यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ठीक से काम नही कर पा रहा है।

- **हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब**

## धामपुर स्टेशन पर रुकेंगी चार ट्रेनें

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मण्डल के धामपुर स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। जयनगर से 01 मार्च से चलने वाली 14649 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 07.10 बजे पहुंचकर 07.12 बजे प्रस्थान करेगी। अमृतसर से 02 मार्च से चलने वाली 14650 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 22.36 बजे पहुंचकर 22.38 बजे प्रस्थान करेगी। जयनगर से 02 मार्च से चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 07.10 बजे पहुंचकर 07.12 बजे प्रस्थान करेगी। अमृतसर से 01 मार्च से चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस धामपुर स्टेशन पर 11.38 बजे पहुंचकर 11.40 बजे प्रस्थान करेगी।

## ई-पॉस मशीनों के लोकार्पण आज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 02 मार्च को लोक भवन सभागार, लखनऊ में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) तथा ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के लोकार्पण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रदेश के अन्य जनपदों में भी जनपद मुख्यालय के निकटस्थ नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) को कार्यक्रम स्थल के रूप में चिन्हित करते हुए लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं, जिसमें कहा गया है कि जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा राशन कार्डधारकों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

## गेहूं क्रय के लिए 6500 क्रय केन्द्र स्थापित

**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत खाद्य विभाग व अन्य क्रय एजेन्सियों द्वारा किसानों से गेहूँ खरीद की जाएगी। खाद्य विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 6500 क्रय केन्द्र प्रस्तावित हैं, जिसमें खाद्य विभाग के विपणन शाखा के 1250, उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद के 100, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ) के 3300, उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन (यूपीसीयू) के 700, उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ (यूपीएसएस) के 350, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) के 300, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) के 100 एवं भारतीय खाद्य निगम के 400 क्रय केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं।

# नितिन गडकरी ने जौनपुर को दी 10 हजार करोड़ की सौगात

जिला संवाददाता (vol)




**जौनपुर।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को जिले को करीब 10 हजार करोड़ की दस बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने जहां जौनपुर को मुंबई जैसा बनाने की बात कही, वहीं उन्होंने बताया कि जौनपुर से करीब दस हजार करोड़ की लागत की परियोजनाओं का शिलान्यास आज किया गया है। उत्तर प्रदेश में 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग की लेंथ 7643 किमी थी, जो आज 13 हजार किमी है। श्री गडकरी ने कहा कि जौनपुर से प्रयागराज तक तीन बाईपास का निर्माण होगा। आजमगढ़ में बाईपास जून 24 तक शुरू होगा। मुंगरबादशाहपुर बाईपास जून 24 तक शुरू होगा।

- **दस बड़ी परियोजनाओं का किया शिलान्यास**
- **जौनपुर को मुंबई जैसा बनाने की कही बात**

उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी द्वारा शहर की सड़कों के सुदृढीकरण की मांग पूरी की जाएगी। दोनों किनारों पर आरसीसी सर्विस लेन और स्ट्रीट लाइटें लगेंगी। जौनपुर स्टेशन के पास विकास कार्य किए जाएंगे। ओवरब्रिज के पास सर्विस लेन बनवाएंगे। बनारस से लुंबिनी तक 1100 किमी की परियोजना को पूरा किया। इससे पहले राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि जिले को मिली सौगात से यहां की सड़कें अब चमकेंगी। मुंगराबादशाहपुर बाईपास रोड बाईपास से यातायात सुगम होगा। पूर्वांचल में सड़कों का जो जाल बिछा है, वह नितिन गडकरी की देन है। वे जो कहते हैं उसे करते भी हैं। अब जौनपुर की समस्याओं का समाधान हो जाएगा। इस दौरान प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश यादव ने कहा कि मछलीशहर में आगमन के दौरान रिंग रोड की मांग की थी, वह पूरी हुई। जौनपुर को जाम से निजात दिलाने का काम किया। फ्लाईओवर की भी सौगात दी। श्री गडकरी ने आज जौनपुर जिले में जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया है उसमें गोमती नदी पर पुल सहित एन.एच.-31 के टोल प्लाजा से पूर्वांचल विश्वविद्यालय तक जौनपुर शहर के पूर्व दिशा में बाईपास का निर्माण भी शामिल है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-135- ए के तहत 28 किमी लंबे मार्ग का 1995 करोड़ की लागत से बनेगा। खेतासराय-शाहगंज ग्रीन फील्ड बाईपास सहित पूर्वांचल विश्वविद्यालय से शाहगंज तक फोरलेन निर्माण होगा, जिसकी लागत 1512 करोड़ आएगी। शाहगंज-कलान-मालीपुर-अकबरपुर खंड का फोर लेन चौड़ीकरण एवं अकबरपुर बाईपास का निर्माण। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-135-ए 1653 करोड़ की लागत से 45 किमी लंबा बनेगा। मड़ियाहूं शहर के पश्चिम में नये फोरलेन ग्रीनफील्ड बाईपास का निर्माण। राष्ट्रीय राजमार्ग-135-ए की कुल लंबाई सात किमी जो 1430 करोड़ की लागत से बनेगा। जौनपुर शहर में लता मंगेशकर तिराहे से प्रसाद इंस्टीट्यूशन तक फोरलेन अंडरपास सहित फोरलेन लेन बनेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-125-ए की कुल लंबाई पांच किमी है, यह 199 करोड़ की लागत से बनेगा। पूर्वांचल विश्वविद्यालय से जौनपुर-प्रयागराज मार्ग तक जौनपुर शहर के पश्चिम में बाईपास का निर्माण। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-31 है यह 19 किमी का मार्ग एक हजार करोड़ की लागत से बनेगा। आजमगढ़ बाईपास (पैकेज-4) का निर्माण, यह 19 किमी का मार्ग 1386 करोड़ से बनेगा। प्रयागराज से फूलपुर तक फोर लेन सड़क एवं फूलपुर बाईपास का निर्माण। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-319-डी 17 किमी लंबा बनेगा, यह 863 करोड़ की लागत से बनेगा। मुंगराबादशाहपुर बाईपास सहित फूलपुर-मुंगराबादशाहपुर तक फोरलेन निर्माण। यह राष्ट्रीय राजमार्ग 319-डी की कुल लंबाई 23 किमी होगी, इसकी कुल लागत 1013 करोड़ होगी। फूलपुर-मुंगराबादशाहपुर मौजूदा सड़क खंड का रखरखाव। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-319-डी की कुल लंबाई 11 किमी होगी, जिसकी कुल लागत 18 करोड़ होगी। प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, बदलापुर के विधायक रमेश चन्द्र मिश्र, शाहगंज के विधायक रमेश सिंह, मड़ियाहूं के विधायक डॉक्टर आरके पटेल, सदस्य परिषद बृजेश सिंह प्रिंशू, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह और जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या में अब तक 8 लाख से अधिक लोगों को मिला आयुष्मान कार्ड लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/अयोध्या।** सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को लेकर मोदी-योगी सरकार ने गरीबों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत शुरू की, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर इलाज के लिए पैसों की चिंता न करनी पड़े। ये योजना प्रभु श्रीराम की नगरी के गरीबों व बेसहारा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत अब गरीब लोग भी प्राइवेट अस्पतालों में चिकित्सा की सुविधा का लाभ ले रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में निशुल्क इलाज मिल रहा है। अयोध्या जनपद में पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड तेजी से बनाए एवं वितरित किए जा रहे हैं।

- **आयुष्मान भारत गरीबों व बेसहारा लोगों के लिए साबित हो रही वरदान**

अब तक अयोध्या जनपद में 8 लाख 37 हजार 700 लाभाथियों के आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। इस योजना सें जनपद के 2 लाख 49 हजार 274 चयनित पात्र परिवारों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का लक्ष्य है। जनपद के 2 लाख 20 हजार 338 परिवार ऐसे हैं, जिनके आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। पंचायत सहायक, कोटेदार एवम आशओं द्वारा घर घर जाकर पीएमजेएवाई मोबाइल एप्प के माध्यम से भी कार्ड बनाये जा रहे हैं। इस योजना का लाभ जनपद के 19 निजी अस्पताल व 16 सरकारी अस्पताल दे रहे हैं। इस के अलावा गांव के ग्राम पंचायत भवन पर भी पात्र लाभाथियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिससें पात्र लाभार्थी आसानी से पंचायत भवन पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकता हैं। जनपद में फरवरी माह में 41 हजार 608 लाभर्थियों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जा चुका है। पिछले महीने में 1 हजार 695 लाभाथियों ने सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों से मिलाकर इलाज करवाया है और योजना के प्रारम्भ से जनपद में अब तक 39 हजार 435 लाभाथियों ने सरकारी, प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से चिकित्सिकीय लाभ लिया हैं। आयुष्मान एप के माध्यम से लाभार्थी स्वयं अपना व अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बना सकता है।

# सौर ऊर्जा के लिए लागू की जाये वर्चुअल नेट मीटरिंग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने मरकॉम इण्डिया और यूपीनेडा के सहयोग से शुक्रवार को आईआईए भवन, विभूतिखण्ड में ग्रीन एनर्जी बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कान्क्लेव का उद्घाटन महेश कुमार गुप्ता अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर यूपीनेडा अनुपम शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सरकार से मांग की गई कि सूक्ष्म स्तर के उद्योगों को नेट मीटरिंग की सुविधा प्रदान की जाए। उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की तरह सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जाए। सौर ऊर्जा उत्पादन और उपयोग के लिए वर्चुअल नेट मीटरिंग व्यवस्था लागू की जानी चाहिए जैसा दिल्ली सरकार की ओर से किया गया है।

- **आईआईए 15 औद्योगिक क्षेत्रों को सौर ऊर्जा युक्त करेगा**




अपर मुख्य सचिव महेश कुमार ने बताया कि प्रदेश में नई सौर ऊर्जा नीति तथा बायो एनर्जी पॉलिसी से लगभग 16 प्रतिशत प्रस्ताव घरातल पर फलीभूत भी हो चुके हैं। उन्होंने उद्यमियों से आवह्न किया कि वे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर और वायो एनर्जी हाइब्रिड ऊर्जा उत्पादन सयंत्र स्थापित करें जिसकी अपार सम्भावनाएं हैं। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा कि हमें इण्डस्ट्रीज को डीकाबोर्नाइजेशन की ओर ले जाकर उनको कार्बन क्रेडिट का लाभ दिलाना है। इसके लिए आईआईए ने निर्णय लिया है कि उत्तर प्रदेश में 15 औद्योगिक क्षेत्रों में सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित करने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अभियान का शुभारम्भ आईआईए की ओर से शामली औद्योगिक क्षेत्र से की गई है। जहां पर आईआईए सदस्यों की तरफ से 8.5 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित किये जा रहे हैं। अभी तक 28 मेगावाट के संयत्र स्थापित करने की इच्छा सदस्यों ने व्यक्त की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि केवल यूपीसीडा के 154 औद्योगिक क्षेत्रों में 46660 एकड़ भूमि पर उद्योग स्थापित है यदि इस भूमि के 25 प्रतिशत क्षेत्र पर भी रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा जाए तो हमें 11000 एकड़ क्षेत्रफल उपलब्ध होगा जिसमें कई गीगावाट सोलर पावर का उत्पादन सम्भव है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सिंघल ने सुझाव दिया कि सोलर ओपन एक्सेस की सीमा 100 किलोवाट तक घटाई जाए जो अभी 1 मेगावाट है। सूक्ष्म स्तर के उद्योगों को नेट मीटरिंग की सुविधा प्रदान की जाए और उन्हे घरेलू उपभोक्ताओं की तरह सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जाए। सौर ऊर्जा उत्पादन और उपयोग के लिए वर्चुअल नेट मीटरिंग व्यवस्था लागू की जानी चाहिए जैसा दिल्ली सरकार की ओर से किया गया है। डायरेक्टर यूपीनेडा अनुपम शुक्ला ने कहा कि सौर ऊर्जा संयन्त्र स्थापित करने के लिए प्रक्रियाओं का भी सरलीकरण कर दिया गया है। आने वाले समय में उपभोक्ताओं को जा परेशानियों वर्तमान में हो रही थी वे अब नही होंगी।

# लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर बनेगा विलेज हाट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्र के गरीब और निर्धन किसानों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए प्रदेश सरकार की ग्रामीण हाट बाजारों को संवारने का कार्य मनरेगा गाइडलाइंस के अनुसार किया जा रहा है है। छोटे और गरीब किसानों की सुविधाओं को देखते हुए मनरेगा द्वारा और अन्य विभागों के कन्वर्जेंस से हाट बाजार को संवारने का कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में अब ग्रामीण हाट बाजार को लेकर नई पहल शुरू होने जा रही है।

- **मार्ग पर स्थित बाजारों के पास बनेंगे विलेज हाट/बाजार**
- **स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए बनेंगे हाट बाजार**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों, धार्मिक सामग्री आदि के समुचित विक्रय की व्यवस्था को लेकर नई पहल की शुरूआत हो गई है। फिलहाल इसके तहत अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर स्थित बाजारों के निकट स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए ग्रामीण हाट/बाजार बनाये जाएंगे। मनरेगा योजनांतर्गत निर्धारित प्राविधानों के अनुरूप नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही शुरू करने के लिये अयोध्या, बाराबंकी, लखनऊ जिलाधिकारी/



जिला कार्यक्रम समन्वयक को दिशा निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। ग्रामीण हाट बाजार में आधारभूत व बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं जैसे जहां पल भी ग्रामीण हाट बाजार डेवलप किये जा रहे हैं, वहां पर पीने के पानी, टायलेट, पार्किंग स्पेस, जल निकासी आदि की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को लाभ पहुंचाना तथा उनके उत्पाद की बिक्री हेतु उचित स्थान मिल सके, इस उद्देश्य से सरकार द्वारा ग्रामीण हाट बाजारों को विकसित किया जा रहा है। गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम और अन्य सरकारी योजनाओं का उपयोग करके भौतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत कर हाट बाजार विकसित किए जाएंगे। ये हाट बाजार उपभोक्ताओं और थोक खरीदारों को सीधे बिक्री करने की सुविधा प्रदान करने में बहुत ही सहायक सिद्ध होंगे।

**धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले हाईवे पर हाट बाजार की योजना:** धार्मिक नगरों को जोड़ने वाले मार्ग (लखनऊ-अयोध्या, प्रयागराज-काशी, प्रयागराज विन्ध्याचल, मथुरा-चित्रकूट आदि) स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में बाजारों के निकट धार्मिक उत्पाद, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पाद के विक्रय के लिये हाट बाजार बनाये जाने की योजना है। जिसके क्रम में सर्व प्रथम अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पाद विपणन के लिए ग्रामीण हाट बाजार बनाये जाएंगे।

# भाजपा सिर्फ सपा नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करती है : अखिलेश

### सपा प्रमुख ने समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों को किया सम्बोधित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा को समाज के लिए खतरा बताते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सीबीआई, ईडी, भाजपा के गोरखधंधो की जांच क्यों नहीं कर रही है? भाजपा सिर्फ समाजवादी नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करती है लेकिन समाजवादी भाजपा के जुल्म से डरने वाले नहीं है। नौजवानों को लैपटॉप देकर समाजवादी सरकार ने नया रास्ता खोला था। भाजपा सरकार में 9 से ज्यादा पेपर लीक हुए क्योंकि अगर नौकरी देनी पड़ती तो आरक्षण भी देना होगा। शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती इसलिए भाजपा की धांधली की शिकार हुई है। भाजपा साजिश करने वाली पार्टी है।

अखिलेश यादव शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. लोहिया सभागार में समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नौजवानों पर उन्हें पूरा भरोसा है कि सभी अपनी पूरी जिम्मेदारी से काम करेंगे नौजवानों का आवाह्न किया कि लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए वे अभी एक सप्ताह में पांच दिन दें और चुनाव प्रक्रिया शुरू होने पर पूरे समय, पूरे महीना चुनाव में दिन-रात एक करेंगे। इस सम्बंध में अनुशासन और सावधान से काम करने की जरूरत है। युवा संगठनों की



बैठक में संकल्प लिया गया कि लोकसभा 2024 के चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 सीटों पर हराकर पीडीए को सभी 80 सीटों पर विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस अवसर पर राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, जयशंकर पाण्डेय, अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. लक्ष्मण यादव, श्याम लाल पाल, राजीव निगम, मोहम्मद एबाद की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। बैठक में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद, प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरि, समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राम करन निर्मल, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा, समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान, प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी तथा प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धार्मिक स्थलों पर हो रहा 48 हजार करोड़ का निवेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में अयोध्या, काशी और मथुरा, आस्था के सबसे बड़े केंद्र के रूप में विख्यात हैं। अब यह धार्मिक शहर रोजगार के बड़े केंद्र में शुमार होने जा रहे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से इन तीनों स्थानों पर 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने की शुरूआत हो चुकी है। इन तीनों स्थलों पर जो टॉप-5 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं। यहां पर करीब 14 हजार लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है। इन स्थलों पर खासतौर पर टूरिस्ट्स फैसिलिटी सेंटर, वेलनेस सेंटर और होटल्स की शुरूआत हो रही है, जिसमें व्यापक स्तर पर लोगों की आवश्यकता होगी।

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में करीब 13 हजार करोड़ के कुल 372 प्रोजेक्ट्स की शुरूआत होने जा रही है। इसमें अभिनंदन लोढ़ा हाउस रीयल एस्टेट एवं कॉमर्शियल प्रोजेक्ट के माध्यम से 3 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है, जो 100 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करेगा। इसी तरह, पीकेएच वेंचर्स लि. 600 करोड़ के निवेश से प्रदेश सरकार की पॉलिसी के तहत टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर की स्थापना कर रहा है, जिसमें 500 कमरों का एक होटल बन रहा है। इसके माध्यम से 300 नौकरियों का सृजन होगा। वहीं, पक्का लिमिटेड अयोध्या में 550 करोड़ रुपये की लागत से पेपर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना कर रहा है। इसके जरिए अयोध्या में 600 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। द इनोवेटर्स डिजिटल एड्स प्रा. लि. 510 करोड़ की लागत से अयोध्या में लग्जरी स्टार कैटेगरी होटल निर्मित कर रहा है। इस प्रोजेक्ट से 100 रोजगार उपलब्ध होंगे। वहीं, क्रेसकेंडो इंटीरियर्स 500 करोड़ रुपए से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण करने जा रहे हैं। यह 100 से अधिक लोगों के लिए रोजगार का सृजन करेगा। इस तरह इन टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से ही 1200 रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। भगवान शिव की नगरी काशी यानी वाराणसी में करीब 19250 करोड़ की निवेश राशि से 277 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं। इसमें टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (भेल) 500 करोड़ रुपए की धनराशि से कंपनी के मौजूदा और उभरते व्यावसायिक क्षेत्र (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट, सिस्टम) के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) और फैब्रिकेशन, मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग फैसिलिटीज की स्थापना कर रहा है। इसके माध्यम से 225 रोजगार सृजित होंगे। वहीं, रोमा बिल्डर्स और प्रमोटर्स प्रा. लि. 5 स्टार रिजॉर्ट, मेडिटेशन के साथ वेलनेस सेंटर, फलों के फॉर्म्स, क्लब हाउस और हाउसिंग सोसाइटी का मिक्स डेवलपमेंट आधारित प्रोजेक्ट शुरू कर रहा है। 500 करोड़ के निवेश से शुरू हो रहे इस प्रोजेक्ट से 300 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसी तरह, गजाधर टेक्नोसिस एलएलपी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स पर 350 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है जो क्षेत्र में 300 लोगों को रोजगार प्रदान करने में सक्षम होगा। अंश निर्माण प्रा. लि. 275 करोड़ रुपये से रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट और कॉमर्शियल मॉल की स्थापना कर रहा है जिसके माध्यम से 200 लोगों को नौकरियां प्रदान की जा सकेंगी। वहीं, जेएस रेजिडेंसी प्रा. लि. 250 करोड़ से होटल स्थापित करने जा रहा है, जो 500 लोगों को सेवायोजन का अवसर प्रदान करेगा। इसी तरह श्रीकृष्ण जन्मस्थली मथुरा में करीब 16,600 करोड़ रुपये से 415 प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संपन्न हुई है। यहां टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 11 हजार से अधिक नौकरियां मिलने की संभावना है।

- **आस्था के साथ रोजगार के भी केंद्र बनेंगे अयोध्या, काशी और मथुरा**

विशेष खबर — ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह में दिखी संवेदनशीलता की झलक

# ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज में मिले सम्मान : असीम अरुण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश का प्रथम ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शुक्रवार को भागीदारी भवन के प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान

उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष सोनम चिश्ती, समाज कल्याण के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, समाज कल्याण के निदेशक कुमार प्रशांत, महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि, देविका देवेंद्र एस मंगलामूखी, सदस्य ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के साथ ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रमुख हस्तियों ने प्रतिभाग किया।





मंत्री असीम अरुण ने कहा कि योगी सरकार समाज के हर व्यक्ति को समान रूप से विकास के अवसर प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में ट्रांसजेंडर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया है। हमारा प्रयास है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज में सम्मान जनक स्थान मिले एवं समाज की मुख्य धारा में आकर वह अपने एवं देश के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के द्धारा लिखित पुस्तक मैं हिजड़ा मैं लक्ष्मी पर चर्चा के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्य धारा में लाने के लिए अच्छा काम कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और वो अपने परम्परागत आय के साधन छोड़कर नये व्यवसाय अपना रहे हैं। समाज और देश की प्रगति में अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण पत्र और उसके लाभ पर चर्चा हुई। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित स्माइल योजना के तहत मिलने वाले लाभ, गरिमा गृह, आयुष्मान प्लस कार्ड, छात्रवृत्ति इत्यादि का लाभ लेने की प्रक्रिया पर विमर्श हुआ। कार्यक्रम के दौरान साहित्य, कला एवं संगीत के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्य धारा पर लाने पर परिचर्चा हुई। कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक, नृत्य नाटिका, रैंप वॉक, भावाभिव्यक्ति द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्हें भी समाज में समान अधिकार है और समाज को बदलने को हम भी अपना योगदान दे रहे हैं।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर आउट करने वाला गिरफ्तार

- विभिन्न परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड और अन्य सामग्री बरामद
- आरोपी प्रवीण उर्फ मिंटू ने कपिल तोमर को आउट कर दिया था आरक्षी भर्ती परीक्षा का कथित प्रश्न पत्र

विशेष संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की 17 एवं 18 फरवरी को आयोजित की गयी यूपी पुलिस की आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने तथा कर्मचारी चयन आयोग दिल्ली द्वारा संचालित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली कराने वाले गिरोह के एक सदस्य प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान को मुजफ्फर नगर के थाना शाहपुर के कस्बा शाहपुर के बस स्टॉप से गिरफ्तार किया है।

पकड़ा गया प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान मुजफ्फर नगर के थाना क्षेत्र के ग्राम कुटबा का रहने वाला है उसके पास से नौ एडमिट कार्ड केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की 2024 की परीक्षा से सम्बन्धित और एक मोबाइल फोन तथा तीन ए0टी0एम0 कार्ड और एक हस्तलिखित उ0प्र0 पुलिस भर्ती से सम्बन्धित प्रश्न-पत्र बरामद किया है।

एडीजी एसटीएफ/कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि पकड़ा गया प्रवीन उर्फ मिन्टू बालियान वर्ष 2008-09 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कस्बा शाहपुर मुजफ्फरनगर में कर रहा था तो वहॉ पर जनपद गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंन्शन का रहने वाला अन्नु मलिक आता था। जो पूर्व से ही पैसा लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने का गैंग चलाता था। उसने भी अन्नु मलिक के सम्पर्क में आकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करना शुरू कर दिया। प्रवीण उर्फ मिन्टु बालियान का विपिन निवासी सरूरपुर बागपत रिस्तेदार है।जो वर्ष 2012 में सेना से रिटायर हुआ है। विपिन भी रिटायर होने के उपरान्त प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने के काम में संलिप्त हो गया। प्रवीन उर्फ मिन्टू बालियान एवं विपिन अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गैंग बनाकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पैसा लेकर धांधली करने का काम करने लगे। वर्श 2017 में इब्राहिम पुर जनपद बागपत निवासी इन्द्र प्रताप सिंह को सी0एच0एस0सी0, सी0एच0एस0एल0 की परीक्षा में पास कराने हेतु 02 लाख रुपए आरोपी प्रवीन उर्फ मिन्टू बालियान एवं उसके साथियों ने लिये थे परन्तु कार्य न होने के कारण इन्द्र प्रताप सिंह ने इन लोगो के विरूद्ध थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके अतिरिक्त प्रवीण उर्फ मिन्टु बालियान का एक रिश्तेदार कपिल तोमर निवासी ग्राम बेगमाबाद गढ़ी थाना दोघट बागपत है वह भी इनके साथ मिलकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने का काम करता है।

बीती 17 फरवरी 2024 को थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद के परीक्षा केन्द्र से गुरूवचन एवं राजकुमार को गिरफ्तार किया गया था, जिनके फोन से उ0प्र0 पुलिस आरक्षी की परीक्षा का 18 फरवरी की द्वितीय पाली का प्रश्न पत्र बरामद हुआ था। एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि जॉचोपरान्त ज्ञात हुआ कि यह प्रश्न पत्र कपिल तोमर द्वारा गुरूवचन आदि को उपलब्ध कराया गया था। कपिल तोमर की गिरफ्तारी के बाद यह तथ्य प्रकाश में आया कि कपिल तोमर को इस कथित प्रश्न पत्र को आरोपी प्रवीण उर्फ मिन्टू एंव विपिन द्वारा उपलब्ध कराया गया था । इस परीक्षा के परीक्षार्थियों को परीक्षा पत्र उपलब्ध कराने की एवज में प्रत्येक अभ्यर्थी से पांच लाख लेना तय हुआ था परन्तु परीक्षा निरस्त हो जाने के कारण आरोपी अभ्यार्थियों से पैसा प्राप्त नही कर पाये। वर्तमान में कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में आरक्षी जीडी की ऑनलाइन परीक्षा देशभर में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की जा रही है इस परीक्षा में भी प्रवीन उर्फ मिन्टु बालियान एवं विपिन आदि धांधली कराने में संलिप्त हैं। प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान से विभिन्न परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं तथा अभ्यार्थियों को नकल कराने के लिए उत्तर कुंजिका देकर परीक्षा में पास कराने हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी से चार लाख रुपए लेना तय हुआ था।एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि पकड़े गए आरोपी प्रवीण उर्फ मिन्टु बालियान की अन्य गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध अब तक तीन मामले दर्ज हुए है।

# यूपी में सात लोगों को मिली आजीवन कारावास की सजा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के विभिन्न जिलों में पुलिस की प्रभावी पैरवी से सात आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा मिली है।वही न्यायालय ने इन पर अर्थ दंड भी लगाया है।

डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी आर.के.गौतम के मुताबिक प्रदेश के शामली जिले के थाना थानाभवन पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने थाना थानाभवन पर दर्ज मुकदमे के आरोपी दीपक और लोकेश को हत्या के मामले में आजीवन कारावास व दस दस हजार रुपए अर्थदण्ड एवं आरोपी रवि उर्फ हान्डा को हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले आजीवन कारावास व 11 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है ।प्रदेश के जालौन जिले के थाना एट पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने धारा 302 / 34 / 506 आईपीसी के मुकदमे के आरोपी राज उर्फ आशीष और रोहित उर्फ गोविन्दा को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 02 लाख 60 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी ।

डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी आर.के.गौतम के मुताबिक प्रदेश के हाथरस जिले के थाना हाथरस जंक्शन पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने थाना हाथरस जंक्शन पर दर्ज मुकदमें की धारा 328/307/302 आईपीसी व 3 ( 2 ) ( 5 ) एससी / एसटी एक्ट के आरोपी अंशू को आजीवन कारावास व 30 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी आर.के.गौतम के मुताबिक उन्नाव जिले के थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने थाना फतेहपुर चौरासी पर दर्ज मुकदमा धारा 304 बी / 498 ए भादवि व 3/4 डीपी एक्ट के आरोपी नारेन्द्र को आजीवन कारावास व 25 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है ।वही प्रदेश के सीतापुर जिले के थाना महोली पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने थाना महोली पर दर्ज मुकदमे के आरोपी मुकेश व रामचन्द्र को धारा 302/34 आईपीसी व 3 ( 2 ) ( 5 ) एससी / एसटी एक्ट के तहत आजीवन कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदण्ड एवं आरोपी जयपाल को धारा 302 / 34 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास व 05 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है ।

# तेज रफ्तार डंपर ने युवक को रौंदा, मौत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बुद्धेश्वर चौराहे के पास गुरुवार को तेज रफ्तार डंपर ने पैदल जा रहे युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। आलमनगर के आदर्श विहार निवासी राहुल मिश्रा (23) मूल रूप से पीलीभीत के बिलसिंडा के रहने वाले थे। ममेरे भाई निखिल के मुताबिक राहुल देवा रोड स्थित टाटा मोटर्स में नौकरी करता था।

गुरुवार शाम को वह ड्यूटी कर घर लौट रहा था। गुरुवार देर शाम वह बुद्धेश्वर चौराहे के पास बस से उतरकर कुछ दूर पैदल आगे बढ़ा था। इस बीच पीछे से आया डंपर राहुल को रौंदते हुए निकल गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की भीड़ जुटती देख डंपर चालक गाड़ी समेत मौके से भाग निकला। पुलिसकर्मियों ने राहुल को अस्पताल भेजवाया जहां इलाज के दौरान राहुल ने दम तोड़ दिया। राहुल अविवाहित था। पिता छोटे लाल मिश्रा पेशे से किसान हैं।

**ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौतः** तालकटोरा क्षेत्र के आलमनगर में रेलवे लाइन पार कर रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। बादशाहखेड़ा निवासी दीपू गुप्ता कबाब पराठे की दुकान चलाता था। भाई राहुल के मुताबिक गुरुवार शाम को दीपू काम से जाने की बात कह कर निकला था। सीमेंट शेड के पास वह रेलवे लाइन पार कर रहा था। तभी ट्रेन की टक्कर लग गई। दीपू को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## आईटीआई के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेद्ध में शुक्रवार को आईटीआई छात्र ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। बिजनौर निवासी मो. सगीर के मुताबिक बेटा इरफान आईटीआई करने के बाद नौकरी खोज रहा था। गुरुवार रात इरफान ने अपने भाई से बिरयानी मंगवाई थी। बेटे के साथ उन्होंने भी बिरयानी खाई थी। इसके बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार सुबह इरफान के काफी देर तक सोकर न उठने पर वह उसे जगाने गए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। कई आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं आया। रोशनदान से झांककर देखा तो इरफान कुंडे से फंदे के सहारे लटका हुआ था। दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उसकी मौत चुकी थी। पिता मो. सगीर के मुताबिक रात बेटे के साथ खाना खाते समय ऐसा कुछ नहीं लगा था कि वह किसी बात को लेकर परेशान है। उसने यह कदम क्यों उठाया कुछ समझ में नहीं आ रहा है।इरफान दो भाई और तीन बहनों में सबसे छाटा था।इंस्पेक्टर बिजनौर के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजदिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कारवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सआदतगंज पुलिस ने युवती को धोखे से नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह यादव ने बताया कि पीड़िता के अनुसार एहतेशाम अहमद निवासी वसंत विहार कालोनी सीतापुर रोड मड़ियांव ने शादी करने का झांसा देकर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। जिसके बाद धोखे से उसे नशीला प्रदार्थ पिला दिया। जब वह बेहोश हो गयी तो उसने उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। जिसके बाद वह उसे ब्लैकमेल करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसने आपत्तिजनक वीडियो उसकी बड़ी बहन को भेज दिया। बहन ने उसे बदनाम करने के लिए वीडियो वायरल कर दिया। इंस्पेक्टर सआदतगंज ब्रजेश यादव के मुताबिक, मंगलवार को दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एहतेशाम को अम्बेडकर पार्क के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। जबकी आरोपी महिला की तलाश की जा रही है।



**देशी शराब के साथ गिरफ्तारः** आशियाना पुलिस ने अवैध देशी शराब की बिक्री करते तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि गोबिंद रावत निवासी देवी खेडा को 15 शीशी विन्डीज शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# सुरक्षा को लेकर टीले वाली मस्जिद पर तैनात रहा पुलिस बल



लखनऊ। टीले वाली मस्जिद मामले में सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को जुमे की नमाज पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मी मस्जिद व शहर के संवदेनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करते दिखाई पड़े। इसके अलावा एहतियात के तौर पर रैपिड एक्शन फोर्स की टुकड़ियां लगाई गई हैं। वहीं संवेदनशील इलाके में पुलिस फोर्स ड्रोन के जारिए निगरानी करते रहे। गौरतलब है कि 28 फरवरी को लक्ष्मण टीला मस्जिद पर बनी टीले वाली मस्जिद मामले में एडीजे कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की रिवीजन याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट का यह फैसला मुस्लिम पक्ष के लिए एक बड़ा झटका था। जिसको लेकर शांति व्यवस्था को बकरार रखने के लिए शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात रहा। इसके साथ ही पुलिस विभाग के आलाधिकारी पैदल गश्त के साथ ड्रोन कैमरों से निगरानी करते रहे। डीसीपी पश्चिम डाक्टर दुर्गेश ने बताया कि जुमे की नमाज को लेकर पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। पश्चिमी जोन के 10 संवेदनशील थानों को सेक्टर में बांटा गया था। इसके साथ ही टीले वाली मस्जिद के बाहर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। वहीं, पूरे इलाके की ड्रोन से निगरानी भी की जा रही थी। इस दौरान पीएसी कम्पनी, आरआरएफ, सब इंस्पेक्टर, राजपत्रित अधिकारी, समेत पुरूष व महिला सिपाही तैनात थे।

## पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी

लखनऊ। प्रधानमंत्री मोदी के पुराने वीडियो को एडिट कर मीम बनाने वाले के खिलाफ हजरतंगज पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक, मूलरूप से रायबरेली जनपद के सेमरी जगरासी निवासी शिवमुनि सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिन्होंने बताया कि इंस्टाग्राम अकाउंट पर पीएम नरेंद्र मोदी के अलग-अलग वीडियों एडिट कर गलत तरीके बनाकर मीम बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जा रहा है। जिससे प्रधानमंत्री की छवि धूमिल हो रही है। झूठे व भ्रामक तथ्यों के आधार पर तैयार वीडियो से आम जन की भावना आहत हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज गहनता जांच की जा रही है।

# बंद मकान व दुकान का शटर तोड़कर चोरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। कृष्णा नगर इलाके में चोरों ने रेलवेकर्मी के बंद मकान का ताला तोड़कर कीमती आभूषण व नगदी चोरी कर ली। वहीं जनरल स्टोर की दुकान का शटर तोड़ कर नगदी व सामान चोरी कर लिया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि भोलाखेडा न्यू इन्द्रपूरी में रेलवे में टेक्नीशियन पद पर कार्यरत सुकान्त तिर्की अपनी माँ के साथ रहते है। जिन्होंने घर में एक पालतू स्वान भी पाल रखा है। पीड़ित के मुताबिक वह बीती 23 फरवरी को वह अपने घर में ताला बंद कर अपने पैतृक गाँव राँची झारखण्ड गए थे। इस दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने चांदी के करीब साढ़े तीन लाख के कीमती जेवर सहित 18 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। वहीं दूसरी तरफ चोरों ने विजय नगर के केसरी खेड़ा महाराजा पुरम में जनरल स्टोर की दुकान का शटर तोड़कर गल्ले से करीब पचीस हजार रुपये की नगदी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया।

# कान्स फेस्टिवल के बाद थिएटर में रिलीज होगी अल्फा बीटा गामा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जरा सोचिए, कोरोना काल में पहले लॉकडाउन के दौरान एक आदमी, उसकी पत्नी और पत्नी का ब्वॉयफ्रेंड एक ही घर में 14 दिनों के लिए बंद हो गए हों तो उसका नजारा क्या होगा ? क्या होगा घर के अंदर का माहौल ? कुछ ऐसे ही मसालेदार तड़के के साथ एक लव स्टोरी फिल्म देश भर के सिनेमाघरों में आ रही है 8 मार्च को जिसका नाम है अल्फा बीटा गामा।इस फिल्म को बनाया है पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट के कुछ लोगों ने एक टीम बना कर। फ्रेश सब्जेक्ट, अनछुई कहानी है और यही वजह है कि इस फिल्म ने पिछले 2 से 3 सालों में दुनियां भर में वाहवाही बटोरी है।

लेखक निर्देशक श्रीकुमार शंकर की फिल्म अल्फा बीटा गामा का इंडियन पैनोरमा में ऑफिशियली सलेक्शन के साथ 52वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल गोवा में तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ। उसके बाद फिल्म अल्फा बीटा गामा ने दुनियां भर के एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में आकर्षण का केंद्र बनी। फिल्म के लेखक और निर्देशक श्रीकुमार शंकर कहते हैं कि हमारी एक शानदार टीम है जिसमें सभी दोस्त हैं और हम सभी ने मिलकर रिश्तों की कहानी का एक नया पहलू दिखने की कोशिश की है। दुनियां भर के कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में हमारी फिल्म को काफी प्यार मिला है और मुझे लगता है कि इसे दर्शक भी खूब पसंद करेंगे। साल 2023 में यूरोप में स्थित ऑस्ट्रिया में हुए रिएक्टर फिल्म फेस्टिवल फिल्म को ऑफिशियल एंट्री मिली।

क्षेत्रीय कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

पत्रांकःपी.सी.एफ./क्षे.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2023-24/-248- दिनॉकः-28.02.2024

हैण्डलिंग कार्य हेतु अल्पकालीन ई-टेण्डर-नोटिस

पी.सी.एफ. में रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले गेंहू को जिलाधिकारी महोदय, द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत गेहूँ के **हैण्डलिंग कार्य** हेतु गोरखपुर मण्डल गोरखपुर के जनपद गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया एवं कुशीनगर के क्रय केन्द्रों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी क्षेत्रीय प्रबन्धक पी.सी.एफ. गोरखपुर, मण्डल गोरखपुर के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-9415409318 पर की जा सकती है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
पी.सी.एफ.
गोरखपुर मण्डल गोरखपुर

## हिंसक सियार को पकड़ने पहुंची वन विभाग की टीम

नगराम। हिंसक सियार के हमले से घायल लोगों की सूचना पर शुक्रवार को वन विभाग के कर्मचारियों ने जाल लगाकर पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। बताते चले कि बुधवार देर रात हिंसक सियार ने गांव के अंदर पहुंच कर पांच लोगों पर हमला कर घायल कर दिया था।ग्रामीणों के अनुसार सियार के हमले में पांच लोग घायल हो गए। ग्रामीणों का आरोप था कि कि पागल सियार को पकड़ने के लिए मोहनलालगंज वन अधिकारियों से शिकायत की गई।

सूचना

मैने अपने पुत्र मो. कैफ को उसके गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **रूकैया बानों पत्नी स्व. इरशाद अली नि.- 388, लकड़ मण्डी, चौक, लखनऊ।**

# कृषि भूमि दिलाने के नाम पर 16 लाख हड़पे, केस दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अलीगंज कोतवाली में कृषि भूमि दिलाने का झांसा देकर 16 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पवन कुमार द्विवेदी सिटी मोरिटोरियस एकेडमी में सचिव हैं। वर्ष 2022 में कृषि भूमि खरीदने के लिए जीतेंद्र से सम्पर्क हुआ था। जिसने मलिहाबाद के ग्राम घुसौली में एक जमीन दिखाई। जिसकी कीमत 20 लाख रुपये में तय हुई थी। पवन ने करीब 16 लाख रुपये टुकड़ों में दिए थे। वहीं, चार लाख रुपये रजिस्ट्री के वक्त दिए जाने थे, लेकिन जीतेंद्र रजिस्ट्री करने को तैयार नहीं हुआ। दबाव बनाने पर धमकाने लगा। जिससे परेशान होकर पवन ने अलीगंज थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर विनोद तिवारी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**होटल लीज पर देने के नाम पर ठगीः** गोमतीनगर विस्तार कोतवाली में सत्यजीत पाण्डेय ने होटल लीज पर दिलाने का झांसा देते हुए एक लाख रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-पांच निवासी सत्यजीत पाण्डेय ने बताया कि रजनीश और सूरज सिंह व्हाइट हाउस होटल चलाते हैं। कुछ वक्त पूर्व आरोपियों ने सत्यजीत को बताया कि कठौता स्थित इनसाइड होटल किराए पर मिल रहा है। दो लाख रुपये प्रतिमाह किराया है। आरोपियों ने होटल का संचालन करने और प्रतिमाह 50 प्रतिशत मुनाफा दिलाने का झांसा दिया था। इसके बाद सत्यजीत ने करीब एक लाख रुपये पेशगी दी थी। इसके बाद एग्रीमेंट होना था, लेकिन रजनीश और सूरज ने एग्रीमेंट नहीं किया। पूछताछ करने पर पता चला कि होटल किसी दूसरे व्यक्ति का है। आरोपियों ने झांसा देकर सत्यजीत से रुपये लिए थे। पीड़ित ने डीसीपी पूर्वी को घटना की जानकारी देते हुए गोमतीनगर विस्तार कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

**जालसाजों ने चार लोगों से खातों से रुपये उड़ायेः** साइबर जालसाजों ने चार लागों से 50.27 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपितों ने गोमतीनगर विस्तार, इंदिरानगर, चिनहट व गौतमपल्ली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गोमतीनगर विस्तार के बी- टू रसल कोर्ट अपार्टमेंट निवासी शाहिद आजमी के मुताबिक 13 नवंबर को उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया। ग्रुप में शामिल धनंजय नाम के युवक ने उन्हें आईपीओ में निवेश पर मुनाफे का झांसा दिया। बातों में आकर उन्होंने 46 लाख रुपये निवेश कर दिए। मुनाफा तो छोड़ मूलधन भी उन्हें वापस नहीं मिला। अब आरोपितों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। वहीं इंदिरानगर निवासी उदित लखमानी के खाते से साढ़े तीन लाख रुपये ऐंठ लिए। उधर चिनहट की आनंद लोक कॉलोनी निवासी प्रियंका से जालसाज ने खुद को उनके पिता का परिचित बता 46 हजार रुपये हड़प लिए। साथ ही गौतमपल्ली के विजय केसरवानी को बातों में उलझाकर 31 हजार रुपये ऐंठ लिए।

कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली

पत्रांक : 959/न.पा.परि.रा./ सा.प्रशा. (ईओ)-निर्माण ई-टेण्डर/2023 दिनांक : 05.03.2024

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के पत्र सं.-954/न.पा.प.रा./पीडब्लयू ( ईओ )-ई-टेन्डरिंग /15वां वित्त/2023-24 दिनांक 29-02-2024 द्वारा 15वें वित्त आयोग/ अवस्थापना विकास निधि के अन्तर्गत कुल 28 अदद् निर्माण कार्यो की निविदा का प्रकाशन हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में कराया गया था। जिसमें निविदा आंमत्रण की तिथि 01-03-2024 से 14-03-2024 समय 11.00 पूर्वान्ह तक निर्धारित की गयी है, जो दिनांक 14-03-2024 को समय 12.00 बजे खोली जानी है। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अल्पकालीन ई-निविदा सूचना के माध्यम प्रकाशित 28 कार्यों की निविदा सूचना में रू. 10.00 लाख तक के कार्यों की निविदा दिनांक 01.03.2024 से दिनांक 07.03.2024 समय पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन दिनांक 07.03.2024 को समय 12.00 खो जायेगी। उक्त के अतिरिक्त रू.-10.00 लाख से अधिक के कार्यों की निविदा की तिथि यथावत रहेगी। निविदा में उपरोक्त संशोधन पड़ा जायें। अधिक जानकारी किसी भी कार्यदिवस में नगर पालिका परिषद रायबरेली के निर्माण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

(स्वर्ण सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रायबरेली

(शत्रोहन लाल सोनकर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रायबरेली

# डॉ. आकांक्षा को कल मिलेगा अमृतलाल नागर सम्मान

## राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान का पुरस्कार एवं सम्मान समारोह कल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ.प्र. के तत्वावधान में पुरस्कार एवं सम्मान समारोह अलंकरण वर्ष 2023-24 एवं कवि सम्मेलन का आयोजन मालवीय सभागार, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में 3 मार्च 2024 को दोपहर 2:30 से किया जाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, डॉ. दिनेश शर्मा, सांसद, राज्य सभा एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री है। संस्थान की महामंत्री डॉ सीमा गुप्ता ने बताया इस अवसर पर संस्थान द्वारा एक एक लाख धनराशि, अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह से निम्नलिखित विभूतियों को दीर्घकालिक साहित्य सेवा एवं उनके उत्कृष्ट पुस्तक पर सम्मानित किया जाना है, जिसमें डॉ. आकांक्षा दीक्षित को अमृतलाल नागर पुरस्कार, अनूप कुमार गुप्ता को पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार, अनुराग मिश्र गैर को मिर्जा असद उल्ला खाँ गालिब पुरस्कार, अरुण कुमार मानव को डॉ. विद्यानिवास मिश्र पुरस्कार, हरी लाल मिलन को सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार, डॉ. इकबाल अहमद अंसारी को जोश मलिहाबादी पुरस्कार, महेन्द्र प्रताप अवस्थी महेन्द्र भीष्म को मीर तकी मीर पुरस्कार, मनोज कुमार मानव को सुमित्रानन्दन पंत पुरस्कार, डॉ. मृदुला पंडित को फिराक गोरखपुरी पुरस्कार, डॉ. नेहा इकबाल को अकबर इलाहाबादी पुरस्कार, श्रीमती पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव को डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन पुरस्कार, प्रदीप कुमार सिंह को भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कार, डॉ. प्रतिभा मिश्र को गया प्रसाद शुक्ल सनेही पुरस्कार, डॉ. राधा बिष्ट को डॉ. हरिवंश राय बच्चन पुरस्कार, डॉ. राघवेन्द्र मिश्र प्रणय को जयशंकर प्रसाद पुरस्कार, डॉ. राजेन्द्र पैंसिया को भगवती चरण वर्मा पुरस्कार, राजेश कुमार सिंह श्रेयस को श्याम सुन्दर दास पुरस्कार, डॉ. राकेश कुमार गुप्ता चक्र को प्रताप नारायण मिश्र पुरस्कार, डॉ. राम मनोहर मिश्र को कवयित्री महादेवी वर्मा पुरस्कार, रमाशंकर सिंह यादव को बालकृष्ण भट्ट पुरस्कार, डॉ. सुधाकर अदीब को शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय पुरस्कार, डॉ. तनबीर अहमद को अमीर खुसरो पुरस्कार और विजय प्रसाद त्रिपाठी को शिव सिंह सरोज पुरस्कार दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त दो विशेष पुरस्कार भी प्रदान किये जाने है जिसमें ओम प्रकाश चतुवेर्दी पराग पुरस्कार, डॉ. जय प्रकाश मिश्रा 21 हजार, रमनलाल अग्रवाल रम्मन पुरस्कार, हीरालाल 11 हजार दिया जायेगा।

संस्थान की पत्रिका अपरिहार्य पत्रिका में योगदान, उत्कृष्ट पुस्तक, साहित्य सेवा एवं संस्थान को अमूल्य योगदान देने हेतु वर्ष 2023-24 के लिए साहित्य गौरव सम्मान अभिषेक कुमार पाण्डेय, अमरेन्द्र कुमार द्विवेदी, अनिल कुमार सिंह जैसवार पंडित बेअदब लखनवी, डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर, डॉ. कलीम कैसर, डॉ. करुणा पाण्डेय, लक्ष्मीकान्त शुक्ल, डॉ. मनोज कुमार गौतम मनु, नुसरत अतीक गोरखपुरी, ओम प्रकाश मिश्रा बमहरि, पवन कुमार श्रीवास्तव सबा, रघोत्तम शुक्ल, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, एस.एम. आदिल हसन, सम्पदा मिश्रा, संदीप मिश्र सरस, डॉ. सुधा मिश्रा, श्रीमती सुधा शुक्ला, सुनील कुमार शुक्ला, सुरेन्द्र गौतम, श्रीमती विमलेश गंगवार दिपि एवं विपुल कुमार मिश्र को साहित्य गौरव सम्मान प्रदान किए जाने हैं। जिसमें प्रत्येक विभूतियों को 7000 धनराशि के साथ प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र आदि प्रदान किया जाएगा। संस्थान की प्रगति में योगदान के लिए कार्य करने वाले विभूति गिरिजाशंकर दुबे गिरिजेश, इन्द्रासन सिंह इन्दु, इन्दु प्रकाश सिंह, जयेन्द्र नाथ चतुवेर्दी एवं शील कुमार अग्रवाल को प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाना है जिसके अंतर्गत 5000 की धनराशि के साथ अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह आदि भेंट किया जाना है।

# 1090 चौराहे से शुरू हुई श्रीराम मंदिर रथयात्रा

## चौरसिया समाज की ओर से यात्रा प्रदेश के लगभग 35 जिलों में भ्रमण करेगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चौरसिया समाज की ओर से प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चौरसिया समाज की ओर से शुक्रवार को गोमती नगर के 1090 चौराहे से प्रदेश स्तरीय जनचेतना श्रीराम मंदिर रथयात्रा भव्य रूप में शुरू हुई। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कुमार कश्यप, विधायक आशीष सिंह आशू, विधायक ब्रजभूषण राजपूत, विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई विशिष्ट जन उपस्थित रहे। विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत राम मंदिर मॉडल की झांकी वाले रथ की अगुआई में यह यात्रा निकाली गई। अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रिशी चौरसिया के नेतृत्व में यह यात्रा प्रदेश के लगभग 35 जिलों में भ्रमण करेगी।

रिशी चौरसिया के अनुसार यह व्यापक जन चेतना यात्रा उत्तर प्रदेश में चौरसिया समाज को गांव-गांव और घर-घर जोड़ने का काम करेगी। इसके साथ ही साल 2024 में चौरसिया समाज को राजनीति और सरकार में हिस्सेदारी मिले, इसकी मांग भी पुरजोर उठाएगी। और यात्रा को सफल बनाने में योगदान देने वाले समाज के लोगों का अभिनंदन भी इस यात्रा के माध्यम से किया जाएगा। प्रस्तावित रूपरेखा के अनुसार यात्रा का इसका समापन महोबा जिले में होगा। यह यात्रा उत्तर प्रदेश के लगभग 35 जिलों में जाएगी। इस यात्रा का समापन 15 मार्च को होगा। यह यात्रा 1090 चौराहा से शुरू होकर हजरतगंज, हुसैनगंज, उदयगंज, अर्जुनगंज, बाराबंकी, अयोध्या धाम, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, महाराजगंज, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, वाराणसी, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर होते हुए अंतिम पड़ाव झांसी जिला महोबा पहुंचेगी। इस अभियान में ज्योतिषाचार्य चौरसिया राजेश शास्त्री ही नहीं वाराणसी से गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी श्रीमती सोनी चौरसिया सहित अरुण चौरसिया, ओमप्रकाश चौरसिया, कृष्णा चौरसिया, रामजी चौरसिया, उदय चौरसिया, अनरूद्ध चौरसिया, पंकज चौरसिया, सत्यम चौरसिया, रचित नाग, सौरभ चौरसिया, रवि शंकर चौरसिया, घनश्याम चौरसिया सहित चौरसिया समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं।

# महिलाओं को मिला नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति सम्मान

- द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव मार्च माह के हर शुक्रवार को मनाया जायेगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव के अंतर्गत नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका महिला माह की शुरूआत शुक्रवार 1 मार्च से हुई। इस अवसर पर घरों में काम करने वाली श्रमजीवी महिलाओं को गोमती नगर विकल्प खंड स्थित रेल विहार कॉलोनी परिसर में सम्मानित किया गया। इसके साथ ही केक काट कर उनका सामूहिक जन्म दिवस भी मनाया गया। सभी सम्मानित होने वाली श्रमदेवी शक्तियों को साड़ियां भी भेंट की गईं। इस अवसर पर संगीत का भी कार्यक्रम हुआ।

नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्षा नीशू त्यागी ने बताया कि नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका महिला माह की शुरूआत शुक्रवार 1 मार्च से की गई है क्यों कि इस साल महिला दिवस शुक्रवार को मनाया जा रहा है इसलिए मार्च माह के सभी पांचों शुक्रवारों को, मिशन शक्ति को समर्पित प्रेरक कार्यक्रम द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे हैं। इसमें विभिन्न वर्गों से सम्बंध रखने वाली यूपी की सशक्त बेटियों को शामिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम 1, 8, 15, 22 और 29 मार्च को होंगे। इसी क्रम में नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्षा नीशू त्यागी की अगुआई में 1 मार्च को महिला माह के प्रथम सोपान के अंतर्गत गोमती नगर के रेल विहार कालोनी घरों में काम करने वाली महिलाओं को नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति सम्मान दिया गया। यह सम्मान रमा, रंजीता, कुमारी गुड्डी एक, मनीषा, गुड्डी दो, निर्मला, नेहा, रेखा को प्रदान किया गया। इन श्रमदेवियों का सामूहिक जन्मदिन केक काट कर मनाया गया। इसके साथ ही उन्हें साड़ियां भी भेंट की गईं। महिलाओं ने उत्साह के साथ संगीत कार्यक्रम का भी भरपूर आनन्द लिया। इस आयोजन के सहयोगी मंडल में रेखा शर्मा, चन्द्र प्रभा मायर, सावित्री देवी, मंजू बिष्ट, रचना सिंह, मीना श्रीवास्तव, पूनम पाण्डे, आभा सिंह, रेनू जोशी, डॉ.शालिनी दत्त, आनंदिता कौशिक, पम्पी मायर शामिल रहीं। संस्था की अध्यक्षा नीशू त्यागी के अनुसार महिला माह की पूरी अवधारणा को साकार करने में नव अंशिका फाउण्डेशन के संरक्षक राजेश जायसवाल और उपाध्यक्ष नीरा लोहानी के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी मंजू विष्ट की अहम् भूमिका रही।

इस क्रम में दूसरे शुक्रवार 8 मार्च, महिला दिवस पर चूंकि शिवरात्रि महापर्व भी है इसलिए उस दिन शिव की शक्ति थीम पर कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर महिला दिवस स्लोगन, चित्रकला, नृत्य, गायन आदि के सात मार्च तक प्राप्त वीडियोज को नव अंशिका फाउण्डेशन के सोशल साइट्स पर 8 मार्च को शेयर किया जाएगा। तीसरे शुक्रवार 15 मार्च को शिक्षा, खेल, कला आदि क्षेत्र में यश अर्जित करने वाली यूपी की सशक्त बेटियों को नव अंशिका तेजस्वनी सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। इसका मकसद उनकी उपलब्धियों के माध्यम से दूसरों को राह दिखाना है। चौथे शुक्रवार 22 मार्च को होली के फाग गायन, व्यंजन, रंगोली आदि पर रंग-रंगीली सहेली प्रतियोगिता, घरेलू महिलाओं के बीच करवायी जाएगी। अंतिम शुक्रवार 29 मार्च को पुरुषों के क्षेत्र में नाम अर्जित करने वाली महिलाओं को नव अंशिका सर्वश्री सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

# सांस्कृतिक आयोजनों से भरा किताबों का मेला आज से, तैयारियां पूरी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साहित्य कला संस्कृति की थीम पर आधारित सालाना उत्सव लखनऊ पुस्तक मेला कल शनिवार दो मार्च से रवीन्द्रालय चारबाग लान में प्रारम्भ हो जायेगा। विभिन्न साहित्यिक सांस्कृतिक, काव्य समारोहों और अध्यात्मिक आयोजनों से सजा ये मेला दस मार्च तक चलेगा। मेले का उद्घाटन प्रदेश के एसीएस महेशकुमार गुप्ता आईएएस करेंगे।

आयोजक मनोज सिंह चंदेल ने बताया कि इस मेले में बहुत से नये प्रकाशक अपने साहित्य के साथ 10 हजार स्क्वायर फिट वाटर प्रूफ पंडाल में स्टाल होंगे। मेले में विभिन्न प्रकाशन संस्थानों के लगभग 80 स्टाल होंगे। उद्घाटन समारोह, लेखक से मिलिए, पुस्तक विमोचन, युवा कार्यक्रम, कवि सम्मेलन मुशायरा सांस्कृतिक आयोजनों के लिए लगभग 5 हजार स्क्वायर फिट का पाण्डाल लगाया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक जारी रहने वाले और एकदम फ्री एण्ट्री वाले इस मेले में जहां इस पुस्तक मेले में किताबों पर न्यूनतम 10 प्रतिशत तक छूट हर खरीदार को मिलेगी वहीं पुस्तक प्रेमियों को बहुत कुछ नया देखने को मिलेगा। मेले में पार्किंग की समुचित व्यवस्था रहेगी। मेले में कवि सम्मेलन-मुशायरे का आनन्द लेने के साथ लोगों को लेखकों-कवियों के साथ बात करने के मौके मिलेंगे ही साथ ही पुस्तक प्रेमियों के लिए बुक लवर्स लाउंज भी होगा। स्थानीय लेखकों की पुस्तकों के लिए भी एक स्टाल होगा। फोर्स वन बुक्स के साथ किरन फाउण्डेशन, ओरिजिन्स, ट्रेड मित्र और ज्वाइन हैण्ड्स फाउण्डेशन आदि के सहयोग से हो रहे मेले के बारे में यूपी त्रिपाठी ने बताया कि ह्यविश्वम महोत्सवह्ण के अन्तर्गत विद्यार्थियों को पुस्तकों के प्रति लगाव पैदा करने के मकसद से शहर भर के अनेक स्कूल-कालेजों के विद्यार्थियों को मेले में आमंत्रित किया जा रहा है। यहां उनके विभिन्न कार्यक्रम भी और प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा।

## संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा यशोदा जयंती व्रत

**लखनऊ।** शुक्रवार को माताओं ने अपनी संतान की दीर्घायु के लिए यशोदा जयंती व्रत रखा और विधि विधान से पूजा-अर्चना की। पौराणिक कथा है कि भगवान विष्णु ने जब द्वापर युग में अपना कृष्ण अवतार लिया को माता देवकी से उनका जन्म हुआ, लेकिन सब जानते हैं कि माता यशोदा ने उनका पालन-पोषण किया। मान्यता है कि माता यशोदा और भगवान श्रीकृष्ण की पूरे मन से इस दिन पूजा करें तो उत्तम संतान की प्राप्ति का आशीर्वाद पा सकते हैं। माना जाता है अगर माता यशोदा के साथ श्री कृष्ण की इस दिन पूजा करें तो जीवन के सभी दुखों का नाश होता है। संतान की कामना करने वालों को इस दिन पूरे मन से पूजा करने पर संतान सुख की प्राप्ति होती हैं। घर-परिवार में प्रसन्नता का माहौल बना रहता है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में केशव सभागार का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अलीगंज सेक्टर क्यू स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बहुआयामी केशव सभागार का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री विद्या भारती यतीन्द्र, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन दुर्गा शंकर मिश्र, क्षेत्र संगठन मंत्री हेमचन्द्र, प्रांत विचारक अवध कौशल, प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता द्वारा किया गया। फिर माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के उपरान्त बालिकाओं के द्वारा गणेश जी की वन्दना की गयी। कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों के घोषदल ने अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। शिलान्यास हेमचन्द्र क्षेत्रीय संगठन मन्त्री तथा प्रान्त प्रचारक कौशल के द्वारा किया गया था। इतने कम समय में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस केशव सभागार का लोकार्पण किया गया है। प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिह ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल, अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री विद्या भारतीय यतीन्द्र की उपस्थिति के साथ विशिष्ट अतिथि दुगार्शंकर मिश्र मुख्य सचिव उ.प्र. शासन, कौशल प्रान्त प्रचारक, क्षेत्र संगठन मंत्री हेमचन्द्र उपस्थित रहे। लखनऊ के अग्रणी चिकित्सक वैज्ञानिक और विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. आर. के गर्ग ने आये हुये अतिथियों सहित सभी का आभार ज्ञापन किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर जेपी. सिंह, दिनेश सिंह, रामजी सिंह, संजय सह प्रान्त प्रचारक, सुनीत खरे, जयवीर सिंह, जय कृष्ण सिन्हा, श्रीमान अनिल, डॉ. महेन्द्र कुमार, अरविन्द जैन, अनुराग साहू, आदि सहित गणमान्य नागरिक व संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा विद्यालय प्रबन्ध तन्त्र के सदस्य व आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

## दो दर्जन से अधिक साहित्यकार सम्मानित

**लखनऊ।** अखिल भारतीय अगीत परिषद की ओर से यशःशेष रंगनाथ मिश्र सत्य की जयन्ती पर 53 वें साहित्यकार दिवस एवं 59वें साहित्यकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। गांधी भवन के करण भाई सभागार में समारोह में साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

समारोह में डॉ कमला शंकर त्रिपाठी और नरेन्द्र भूषण को डॉ रंगनाथ मिश्र 'सत्य' सुस्मृति सम्मान-2024, मंजू सक्सेना को कल्याणी देवी सुस्मृति सम्मान-2024 और प्रो उषा सिन्हा, कोरयशःशेष शान्ति सक्सेना सुस्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रेम शंकर शास्त्री को यशः शेष रामराज मौर्य सुस्मृति सम्मान, विजय कुमारी विजय को गौरी शंकर सिंह सुस्मृति सम्मान, डा. योगेश को यशःशेष डॉ. विप्लव वर्मा सुस्मृति सम्मान एवं पं. रामतेज तिवारी आध्यात्मिक संस्थान द्वारा हिन्दी साहित्य गौरव सम्मान, राजेश कुमार द्विवेदी को साहित्य रत्नाकर सम्मान, डॉ. शिव मंगल सिंह मंगल को साहित्य सुमेरु सम्मान, त्रिवेणी प्रसाद दुबे मनीष को साहित्य मार्तण्ड सम्मान, डॉ सुधा मिश्रा को साहित्य सरिता सम्मान, शशि श्रेया को गीत-गंगा सम्मान एवं देवेश द्विवेदी देवेश को कविकुल गौरव सम्मान से गायत्री जोशी, ऋषि श्रीवास्तव, श्वेता शुक्ला, सविता श्रीवास्तव आदि को साहित्य समिधा सम्मान से प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अन्य साहित्यकारों को भी नामित सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके डा. रंगनाथ मिश्र सत्य द्वारा प्रणीत काव्य संकलन सेवन्ती के फूल का लोकार्पण हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रो. वी. जी. गोस्वामी ने की। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार महेश चन्द्र द्विवेदी, प्रो. उषा सिन्हा, डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी, अनिल मिश्र समेत अन्य मौजूद रहे।

# यामी गौतम ने अपने अभिनय से आर्टिकल 370 को बनाया खास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- स्टार कास्ट: यामी गौतम, प्रियामणि, अरुण गोविल, किरण करमारकर
- डायरेक्शन: आदित्य सुहास जांभळे

**रेटिंग-3/5**

**लखनऊ।** यामी गौतम, प्रियामणि स्टारर आर्टिकल 370 रिलीज हो गई है। इस फिल्म से दर्शकों को काफी उम्मीद है जिसे आदित्य सुहास जांभळे डायरेक्ट कर रहे हैं। वहीं हाल ही में जब पीएम मोदी ने फिल्म का जिक्र किया तो फिल्म को लेकर क्रेज और बढ़ गया। अब क्योंकि फिल्म रिलीज हो गई है तो आपको बताते हैं कैसी है फिल्म।

फिल्म की शुरूआत होती है अजय देवगन के वॉइस ओवर से जिसमें वह समझाते हैं कि कैसे कश्मीर का कुछ हिस्सा पाकिस्तान चला जाता है और कैसे आर्टिकल 370 आया। इसके बाद फिल्म की स्टोरी 2016 में जाती है जब कश्मीर अशांति के बाद एक स्थानीय एजेंट और इंटेलिजेंस फील्ड ऑफिसर जूनी हक्सर (यामी गौतम धर) को पीएमओ की सचिव राजेश्वरी प्रियामणि स्मानीथन द्वारा राष्ट्रीय जांच एजेंसी का नेतृत्व करने के लिए सीक्रेटली भर्ती करती हैं। फिल्म का पहला हाफ थोड़ा स्लो है और एक मोमेंटम बनने में समय लगता है। दूसरा पार्ट ज्यादा फोकस है और फिल्म को अच्छे से दर्शकों को परोसा गया है। फिल्म का क्लाइमेक्स काफी अच्छा है जो 30 मिनट लंबा है। कुछ डायलॉग थोड़े सुने हुए लगेंगे, लेकिन कई जगह आपको ऐसी जबरदस्त लाइन्स सुनने को मिलेंगी जिनकी आप तारीफ जरूर करेंगे। प्रभावशाली राइटिंग के साथ शानदार स्क्रीनप्ले है। शिवकुमार वी पैनिकल की एडिटिंग काफी तारीफ के काबिल है। हालांकि आर्टिकल 370 का ज्यादातर पार्ट वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है, लेकिन कोई भी क्रिएटिव लाइबर्टीज को नजरअंदाज नहीं कर सकता जो मेकर्स ने कई बार ली है जैसे यामी और उनके साथी के बीच ओवर ड्रामा वाला एक्शन सीक्वेंस और जब ग्रेनेड अटैक के दौरान यामी की एक साथी बच जाती है। यामी ने काफी दमदार काम किया है। उन्होंने अपना एक्शन और डायलॉग डिलीवरी बहुत ही परफेक्टली किया है। खासकर वो सीन जब वह वर्दी में खड़े साथी पुरुषों के लिए खड़ी होती है। प्रियामणि ने भी यामी की तरह पावरफुल परफॉर्मेंस दी है। दोनों एक्ट्रेसेस ने मिलकर अपनी मेहनत से फिल्म को खास बनाया है। यह फिल्म आगे डायरेक्टर्स को मोटिवेट करेगी महिलाओं के लिए ऐसे ही स्ट्रॉन्ग किरदार रखने के लिए।

बाकी की कास्ट की बात करें तो अरुण गोविल ने पीएम मोदी और किरण करमारकर ने अमित शाह का किरदार निभाया है। प्रोस्थेटिक्स से उनके किरदार को अट्रैक्टिव बनाने से लेकर डायलॉग डिलीवरी तक दोनों ने किरदार परफेक्टली निभाया।

आर्टिकल 370 हमारे देश के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण चैप्टर में से एक को हाईलाइट दिखाती है। एक प्रभावशाली राइटिंग, सिंपल स्टोरी और जबरदस्त डायरेक्शन के साथ अच्छा मैसेज देती है। बॉलीवुड में मुख्य विषय के रूप में कश्मीर पर बनी फिल्में बहुत हैं, लेकिन यामी और प्रियामणि यह फिल्म निश्चित रूप से उनमें से सर्वश्रेष्ठ में से एक होगी।

## सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन आज

**लखनऊ।** सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा लखनऊ पुस्तक मेले के तत्वावधान में आयोजित पुस्तक मेले में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सुरभि कल्चरल ग्रुप के संयोजक शैलेन्द्र सक्सेना ने बताया कि इस कार्यक्रम में कवि सम्मेलन के साथ शहर की कई विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। यहां आपको बताते चलें कि शनिवार को लखनऊ रविन्द्रालय में लखनऊ पुस्तक मेले का शुभारंभ होगा। इस पुस्तक मेले में प्रतिदिन संस्कृतिक आयोजन किये जायेंगे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना : ओटी–19–2023**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर-II / निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सं०: ओटी-19-2023, कार्य का विवरण: सहजनवाँ - दोहरीघाट नई लाइन परियोजना से सम्बन्धित पेगिंग प्लान तैयार करने, ओवर हेड / अण्डर ग्राउण्ड ट्रैक क्रासिंग बनाने, वायरिंग, पावर सप्लाई और सैक्शनिंग आरेख, टीएसडब्लूआरडी / एसडब्लूआरडी आदि की डिजाइनिंग के लिए नई लाइन का पैदल सर्वेक्षण इत्यादि कार्य। अनुमानित लागत: रू० 29,59,970.40, बयाना राशि : रू० 59,200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रू० निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 माह, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय : 22.03.2024 को 15.00 बजे।

नोट : ● इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** को देखें। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर–II/निर्माण/गोरखपुर**
**मुजाधि/विद्युत – 289**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि-पारेषण भवन, कक्ष सँख्या 212, एस.एल.डी.सी. परिसर, निकट मंत्री आवास, विभूति खण्ड -2, गोमती नगर, लखनऊ ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों/अधिकृत विक्रेताओं/निमार्ताओं से निम्नलिखित कार्य के सम्पादन हेतु सीलबन्द ई-निविदायें दो भागों में ई-टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है। **अति अल्प कालीन ई-निविदा संख्या-19-विपाखद्वि (ल)/2023-24** वि. पारे. खण्ड-II, लखनऊ के अधीन 132 केवी उपकेन्द्र एन.के.एन. पर स्थापित 132 केवी मेन बस बार को सिंगल पेन्थर कन्डक्टर से सिंगल मूज कन्डक्टर में परिवर्तित करने हेतु एवं अन्य सम्बंधित कार्य-धरोहर राशि रू. 1500.00 ई-निविदा भाग-1 खुलने की तिथि 07.03.2024, समय 13.00 बजे, ई-निविदा भाग-2 (प्राइज पार्ट) खुलने की तिथि हेतु तदोनुसार बेवसाइट पर सूचित किया जायेगा। ई-निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 590.00 (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित)। ई-निविदा का भाग प्रथम व द्वितीय-प्राइज बिड (दरें एंव शर्तें) www.etender.up.nic.in पर भरी जायेगी। भाग-1 में धरोहर धनराशि व निविदा प्रपत्र मूल्य जोकि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड- द्वितीय, लखनऊ के खाता सँख्या- **075800210000 9361**, IFSC code-**PUNB0691100** पंजाब नेशनल बैंक शाखा विजयन्त खण्ड, लखनऊ में RTGS/NEFT के माध्यम से स्थानान्तरण कर यू.टी.आर. संख्या तथा पे-स्लिप की प्रति www.etender.up.nic.in web site पर निविदा प्रपत्रों के साथ स्व प्रमाणित पैन एवम जी.एस.टी. में पँजीकरण प्रमाण-पत्र, कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र व अर्हकारी शर्तें एवं अन्य सम्बन्धी प्रपत्र तथा निविदाओं के द्वितीय भाग में मूल्य/दरें www.etender.up.nic.in पर दिनांक 06.03.2024 को 04.00 बजे तक ही Up-Load की जानी है। ई-निविदा के प्रथम भाग के प्रपत्र निर्धारित तिथि पर 12.00 बजे अथवा उसके उपरान्त ही Down Load किये जायेगें। निविदाओं के प्रथम भाग के मूल्यांकन के उपरान्त उपयुक्त पायी गयी निविदाओं के ही द्वितीय भाग Down Load/खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारीए नियम व अर्हकारी शर्तें निविदा प्रपत्र में अंकित है जो www.etender.up.nic.in द्वारा Down Load या अवलोकित की जा सकती है। ई-निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में ई-निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय तक स्वीकार की जायेगी एंव निर्धारित समय पर खोली जायेगी। ई-निविदाओं को बिना कोई कारण बताये ई-निविदा/ई-निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

**अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (पत्रांक : 285, दिनांक 01.03.2024)**

संक्षेप

## अवध विवि के छात्र-छात्राओं ने मानसिक चिकित्सालय का किया शैक्षिक भ्रमण

**अयोध्या**। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को मानसिक चिकित्सालय वाराणसी में शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में पाठ्यक्रम के विषम सेमेस्टर के साथ पीजी डिप्लोमा काउंसलिंग एंड गाइडेंस के छात्र-छात्राएं मानसिक चिकित्सालय एवं मनोरोगियों से जुड़ी तमाम प्रकार की जानकारी से रूबरू हुए। वाराणसी के मनोचिकित्सक डा. चंद्र प्रकाश मल्ल ने छात्र-छात्राओं को मानसिक चिकित्सालय एवं रोगियों से मुलाकात कराई। वहीं छात्र-छात्राओं ने सभी रोगियों से बातचीत कर मनोरोगों को जानने का प्रयास किया। इस शैक्षिक भ्रमण में छात्रों को पता चला कि यहां अधिकतर बायपोलर, डिसऑर्डर, शिजोफ्रेनिया एवं अवसाद से ग्रसित मनोरोगी है।

वहीं छात्रों ने मनोरोगियों के पुरुष वार्ड, महिला वार्ड एवं फैमिली वार्ड में जाकर जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत डा0 मल्ल ने छात्रों के मन में चल रहे शैक्षिक भ्रमण संबंधी प्रश्नों का विस्तृत उत्तर दिया। यह शैक्षिक भ्रमण व्यावहामिनोविज्ञान की शिक्षिका डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी व डॉ0 सरिता पाठक द्वारा कराया गया।

# हैरिंग्टनगंज में करोड़ों की लागत से बनेंगी 15 सड़कें



जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या**। मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद ने हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान विधायक निधि एवं पूर्वांचल निधि से करोड़ की लागत से निर्मित 15 सड़को का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

लोकसभा उम्मीदवार व विधायक अवधेश प्रसाद ने पूर्वांचल विकास निधि से 33 लाख 85 हजार की लागत से 5 सड़कों का शिलान्यास किया। विधायक निधि के तहत 51 लाख 22 हजार से 5 सड़को लोकार्पण तथा विधायक निधि से 49 लाख 51 हजार से 5 सड़कों का शिलान्यास किया गया। विधायक ने कुल 1 करोड़ 36 लाख 58 हजार की लागत से ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों में 15 सड़कों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की हम आपके बीच करोड़ों रूपए की सड़कों का शिलान्यास करने आये है इंडिया गठबंधन की सरकार आने वाली हैं, पूरे जनपद में सड़कों का जाल बिछाने का कार्य करेंगे। अखिलेश यादव भगवान कृष्ण के अवतार हैं हम उनके हाथों को मजबूत करेंगें। हमारा सपना था की स्वः मुलायम सिंह यादव प्रधानमंत्री बने लेकिन सपना अधूरा रह गया लेकिन फिर समय आ गया है हम अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे। स्वः नेता जी ने देश में चार चार प्रधानमंत्री बनाने का काम किया है नेता जी कोई सामान्य नेता नहीं थे उनका अवतार हुआ था। वैसा अब कोई नेता पैदा नहीं होगा। नेता जी ने पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह को प्रधानमंत्री की पगड़ी पहनाई थी। लेकिन जब स्वः मुलायम सिंह जी का नम्बर आया तो उन्होंने धोखा दे दिया। भाजपा देश को लूटने काम कर रही है संस्थाओं को लगातार बेच रही है महंगाई बढ़ रही और नौकरी खत्म हो रही है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव, सरोज यादव, महेंद्र प्रताप यादव, पृथ्वीराज यादव, राम लहू, यदुनाथ यादव, हरि बक्स सिंह, प्रेम कांत, सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव डॉ माखनलाल यादव ने किया इस मौकेविश्वकर्मा, सहित क्षेत्र के दर्जनों प्रधान व बड़ी संख्या में सपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में दारोगा घायल

**मिल्कीपुर-अयोध्या**। अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इनायत नगर थाना क्षेत्र के मीठे गांव के नवनिर्मित टोल प्लाजा के निकट बाइक सवार दरोगा को एक कार चालक ने टक्कर मार कर फरार हो गया। हालांकि पुलिस घटनाकारित वाहन और चालक की धर पकड़ के लिए सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। बता दे की इनायत नगर थाने के उप निरीक्षक दिवाकर पाण्डेय अयोध्या से थाना आ रहे थे। वह मीठे गांव के पास पहुंचे ही थे तभी इनायत नगर की तरफ से एक अज्ञात कार चालक ने जोरदार टक्कर मारकर चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। हादसे में बाइक सवार दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों तथा पीएनसी कंपनी के कर्मियों ने आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सा डॉ गया प्रसाद विश्वकर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां घायल दरोगा दिवाकर पाण्डेय का इलाज चल रहा है। वहीं स्थानीय लोगों की माने तो नवनिर्मित टोल प्लाजा के टैक्स से बचने के लिए कार चालक द्वारा मीठे गांव मोड़ पर यू टर्न लेते हुए घटना को अंजाम दिया है।

## क्षेत्र पंचायत निधि से कराये जा रहे कार्यों का भाजपा सांसद ने किया लोकार्पण



**बाराबंकी**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार विकासखण्ड देवां में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पूर्व क्षेत्र पंचायत निधि से कराये जा रहे लगभग 24 विकास कार्यों का मुख्य अतिथि भाजपा सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने बटन दबाकर लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख देवां धर्मेन्द्र यादव जमुवासी ने की। इस मौके पर भाजपा सांसद ने कराए गए विकास कार्यों पर चर्चा की एवं आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी नेहा शर्मा, अवर अभियंता भीष्म यादव, आशुतोष अवस्थी, इछ्वाक मौर्य, मनीष परिहार, राम लखन मिश्रा, अरविन्द वर्मा मौजूद रहे।

## 4 तस्कर गिरफ्तार, स्मैक बरामद

**बाराबंकी**। थाना देवा पुलिस टीम ने 4 मादक पदार्थ तस्करों इकरार पुत्र मो0 अजीम, मो0 अंसार पुत्र स्व0 आसिम अली निवासीगण ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर, समर सिंह पुत्र तेज नारायण वर्मा, सोनू पुत्र मनसुख निवासीगण ग्राम चियारा सुहावा थाना कोठी को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे 40 लाख 27 हजार रुपए कीमत की कुल 427 ग्राम अवैध स्मैक, 01 अदद कार मारुती यू0पी 32 सीई 0770, 1 अदद मोटर साइकिल यू0पी 41 के 3920 बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है।

## 22 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी**। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 2 वारंटी, 10 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 22 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## 2 जुआरी गिरफ्तार

**बाराबंकी**। थाना टिकैतनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे अभियुक्त सोनू रावत पुत्र हुसैनी टिकैतनगर व राजा बाबू पुत्र चेतराम निवासीगण मोहल्ला नूरवाफ कस्बा व थाना टिकैतनगर को ताश के 52 पत्ते, मालफड़/जामातलाशी के कुल 600 रुपए बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## अपहृता सकुशल बरामद

**बाराबंकी**। थाना जहांगीराबाद पुलिस ने मु0अ0सं0 14/2024 धारा 363 भादवि से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

## बुनियादी शिक्षा को सफल बनायेंगे शिक्षामित्र



**सोहावल-अयोध्या**। निपुण भारत के अंतर्गत बुनियादी भाषा और गणित शिक्षक - प्रशिक्षण के सफलतम समापन पर प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा के नेतृत्व और ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष सिंह, साधना सिंह सहित दर्जनों शिक्षामित्र के सहयोग से वर्षों से सोहावल ब्लॉक में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण और मार्ग निर्देशन दे रहे एआरपी डॉ. दिनेशकांत पांडेय ,राम तीरथ वर्मा, पवन दुबे, संजय चैधरी, दीपक शुक्ला जी को माल्यार्पण एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया, साथ ही उपस्थित 100 प्रतिभागियों ने आरपी के कार्यों की प्रशंसा भी की इस अवसर पर एआरपी डॉ. दिनेश कांत पांडे जी सहित सभी ने विषम परिस्थितियों व अत्यंत मानदेय में कार्य कर रहे शिक्षामित्र की जहां प्रशंसा की वहीं इनको समान कार्य के अनुसार समान वेतन देने की सरकार से सुझाव देने की बात को दोहराया। उक्त प्रशिक्षण में सहयोग के लिए अनूप, प्रशांत सिंह, विशाल पांडेय, विवेक श्रीवास्तव, कुलदीप मौर्य, मो. मुस्तकीम, हरि नारायण गुप्ता, गीता, राम दर्शन, ईश कुमार वर्मा, निहारिका गुप्ता सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे उपरोक्त प्रशिक्षण बीआरसी कार्यालय अरकुना पर संपन्न हुआ और संचालन शिक्षामित्र संघ जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा ने किया।

# कर्ज से परेशान सामाजिक कार्यकर्ता ने मां की हत्या की

**अयोध्या**। नगर कोतवाली के चैक स्थित कंघी गली निवासी चर्चित रंगकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता व कारोबारी गोपाल कृष्ण वर्मा ने अपनी बुजुर्ग माँ की गला दबाकर हत्या कर दी। उसने तीन पेज का पत्र लिखकर अपना जुर्म कबूला है। यह पत्र अपने

- तीन पेज का पत्र दिखकर कबूला अपना जुर्म
- कहा-देखा नहीं जा रहा था मां का कष्ट



परिचितों और शुभचिंतकों को भेजा है। पत्र में कर्ज से परेशानी के चलते अपनी बुजुर्ग मां की हत्या की बात कही है और खुद को कोतवाली पहुंच पुलिस के हवाले किया है। मामले की जानकारी के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है ।कभी कम्युनिस्टपार्टी के वरिष्ठ चिंतकों में शामिल तथा रंगमंच पर एक नामचीन चेहरे की पहचान रखने वाले लगभग 62 वर्षीय गोपाल कृष्ण वर्मा चैक जमुनिया बाग स्थित मार्ग पर जीके कार्ड सेंटर के नाम से दुकान चलाते थे। जिसमें उनके दो भाई सहयोगी थे। कुछ माह पूर्व उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली थी लेकिन सक्रिय नहीं हो पाए।

गुरुवार की रात उन्होंने तीन पेज का पत्र लिखा और पत्र में हवाला दिया कि अत्यधिक कर्ज के चलते मां बेटे परेशान चल रहे थे भाइयों ने कर्ज से उबारने की कोशिश की लेकिन बात आगे ना बढ़ सकी। उन्होंने लिखा है कि मां की यह चिंता और कष्ट नहीं जा रहा था। मां का अपने प्रति दुलार उनको पशोपेश में डाले हुए था। जिसके चलते जिसके चलते मां की हत्या का निर्णय लेना पड़ा। रात 3.15 बजे लिखे गए इस पत्र को उन्होंने अपने परिचितों और शुभचिंतकों को पोस्ट किया तथा कोतवाली जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पत्र में उन्होंने अपनी बहन कम्मो का भी जिक्र किया है और इस घटना से अत्यंत दुखी होने का जिक्र किया है। फिलहाल मामले की जानकारी पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। भाइयों ने गोपाल कृष्ण के दावे पर सवाल खड़ा किया है। नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पांडे का कहना है कि घर से तीन पेज का पत्र मिला है। बुजुर्ग मां के बगल ही इनके विकलांग भाई का बिस्तर है। जबकि दूसरा भाई बगल के कमरे में सोया था। मौके से मृतका के शरीर पर कोई चोट और खरोंच का निशान नहीं मिला है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## गठबंधन को कमजोर सरकार सीबीआई व ईडी का कर रही इस्तेमालः तनुज पुनिया



**बाराबंकी**। इण्डिया गठबन्धन की लोकप्रियता से भाजपा को अपनी हार का एहसास हो गया हैं। गठबन्धन को कमजोर करने के लिये सरकार सी0बी0आई और ई0डी का इस्तेमाल कर रही हैं। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश में इण्डिया गठबन्धन के सशक्त सहयोगी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सी0बी0आई का नोटिस भाजपा की हार के एहसास का परिणाम हैं। इण्डिया गठबन्धन का कोई सहयोगी या कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी का नेता कार्यकर्ता भाजपा की गन्दी राजनीति से भयभीत होने वाला नही बल्कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सी0बी0आई समन के बाद इण्डिया गठबन्धन को और मजबूती मिली हैं। देश और प्रदेश की जनता भाजपा के असली चेहरे को पहचान गयी हैं और चुनाव में उनका करारा जवाब देकर परास्त करेंगी। उक्त प्रतिक्रिया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं लोकसभा क्षेत्र 53 बाराबंकी (सु0) के इण्डिया गठबन्धन के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सी0बी0आई को नोटिस भेजे जाने की घटना की तीव्र निन्दा करते हुए उसे सरकार की हार करार देते हुए व्यक्त की।

## लोक अदालत की सफलता में बार एसोसिएशन का सहयोग बहुत जरूरीः दिनेश चंद



**बाराबंकी**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान मे आगामी 9 मार्च 2024 राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर नवीन प्रशासनिक भवन मे जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द ने जिला बार एसोसिएशन पदाधिकारियो के साथ विचार विमर्श बैठक की। बैठक मे जनपद न्यायाधीश ने कहा कि 5 मार्च से 7 मार्च 2024 तक पिटी अफेन्स के वादों के निस्तारण के लिये विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 9 मार्च की राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटीशन, दीवानी वाद, वैवाहिक वाद, फौजदारी के कम्पाउन्डेबल वाद, एन0आई0 एक्ट, विद्युत अधिनियम, बैंक के ऋण सम्बन्धी वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद, आबीर्टेज्शन वाद, प्रीलिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक वादों तथा वे समस्त वाद जो सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित कराया जायेगा। जिसमें अधिवक्ताओं का सहयोग जरूरी है। बार एसोसिएशन पदाधिकारियों की अहम भूमिका है कि वे अन्य अधिवक्ताओ को इसके लिए प्रेरित करें। ताकि वे अपने पक्षकारों को अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के लिए तैयार करें। बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अनिल कुमार शुक्ल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नाजबीन बानो, बार अध्यक्ष प्रदीप सिंह, बार महामंत्री शाहीन अख्तर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता जुबेर अंसारी, बृजेश दीक्षित, राजेश मिश्रा, राजनारायण शुक्ला, शरद कुमार उपाध्याय, अमित कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समति व पोषण समिति की बैठक

बहराइच 01 मार्च। जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय तथा जिला स्तरीय पोषण समिति व कुपोषण मुक्त गांवों की प्रगति की समीक्षा हेतु वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर द्वारा संचालित स्वास्थ्य गतिविधियों व कम्युनिटी हेल्थ आफिसर्स की समयबद्ध उपस्थिति की समीक्षा के दौरान प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश गौतम द्वारा बताया गया कि उपस्थिति की जांच में अनुपस्थित पाये गये सभी 25 सीएचओ का का दिन का मानदेय काटने की कार्यवाही की गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर को शासन की मन्शानुरूप संचालित लोगों को चिकित्सकीय सुविधाएं प्रदान की जाये तथा कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए भविष्य में आकस्मिक जांच की जाय।

सिकिल सेल इनीमिया जांच कार्य की समीक्षा के दौरान लक्ष्य 10 हजार के सापेक्ष मात्र 2334 लोगों की जांच किये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी मिहींपुरवा व बीसीपीएम का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि किसी भी दशा में प्रगति राज्य औसत से कम न हो। डीएम ने सचेत किया कि यदि आगामी बैठक में प्रगति में सुधार नहीं हुआ तो एमओआईसी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने निर्देश दिया कि नियमित टीकाकरण में बीते माह जनवरी के मुकाबले माह फरवरी में कम प्रगति वाले एमओआईसी के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। मार्च माह की समीक्षा में 84 प्रतिशत से कम टीकाकरण कराने वाले एमओआईसी के विरूद्ध अनिवार्य रूप से कार्यवाही की जायेगी।

डीएम ने प्रभारी सीएमओ को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर निष्प्रयोज्य उपकरणों एवं सामग्री का नियमानुसार निस्तारण करा दें ताकि वहां का माहौल साफ-सुथरा रहे। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर सभी प्रकार मूलभूत सुविधाओं के माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित कराये जायें ताकि आने वाले मरीजों और उनकों तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स समिति की बैठक के दौरान डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी इण्डीकेटर्स में अगले माह तक सुधार लाना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के स्थानान्तरण हेतु शासन को संस्तुति पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा।

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह का हुआ समापन



**बहराइच**। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 26 फरवरी से 01 मार्च 2024 तक संचालित वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अन्तर्गत इण्डियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बहराइच द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एलडीएम जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की थीम ह्यकरो सही शुरूआत बनो वित्तीय स्मार्टह्य के अन्तर्गत बचत एवं कंपाउंडिंग की शक्ति-बैंकिंग आवश्यकताएं तथा डिजिटल एवं साइबर स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न स्कीमों प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा बचत करने के तरीके एवं बचत के महत्व इत्यादि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इम मौके पर संस्थान की निदेशक श्रीमती रीति कुमारी, एफएलसी काउन्सलर वेद प्रकाश शुक्ला, संस्थान के स्टाफ एवं 60 प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता प्रदान की।

# खेलों को प्रोत्साहन से युवा वर्ग इसे कैरियर के रूप में कर रहा है स्वीकारः दर्शना सिंह

**अयोध्या**। डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मकबरा में आयोजित सांसद प्राइस मनी खेल प्रतियोगिता का राज्य सभा सांसद व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा दर्शना सिंह ने किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर अयोध्या महिला मोर्चा द्वारा तिलक व माला पहना कर उनका स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य व गीत के माध्यम से उनका स्वागत किया। झंडारोहरण तथा दीप प्रज्जवलन की प्रतियोगिता की शुरूवात की। कबड्डी व रस्साकसी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन नेहा तिवारी ने किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, रस्साकसी, खोखो, 100, 200, 400, 800, दौड़, 100 गुणा 4 रिल व लांग जंप का आयोजन होगा। इस दौरान दर्शना सिंह ने कहा कि पहले युवा खेलों को कैरियर के रूप में नही लेते थे। क्यों कि पुरानी सरकारें खेल को प्रोत्साहन नही देतीं था। मोदी सरकार में खेलों को प्रोत्साहन मिलने से अब युवा इसको प्रोफेशन के तरह से ले रहे है। आज युवाओं की सोच बदली है। हमारे गांवों के प्राचीन खेलों को इस तरह प्रतियोगिता में शामिल करने से उन खेलों को पुर्नस्थापित होने का मौका मिला है। सौभाग्य से मैं भी उसी सदन की सदस्य हूं जिसमें पीटी उषा बैठती हैं। वे जिस तरह से धैर्य पूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेती है। जीवन का यह धैर्य खिलाड़ी जीवन से मिला है। ऐसी बहुत सी महिलाएं है जिन्होंने अपने आप को साबित किया। जिस तरह से तीन बच्चों की मॉ होते हुए भी मैरीकॉम ने बॉक्सिग की प्रैक्टिस जारी रखा। यह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बालिकाओं की खेल के प्रति रूचि बढेगी। सरकार के प्रयासों से राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार आया है। इस दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, जय नारायण सिंह रिंकू, गोसाईगंज चेयरमैन विजय लक्ष्मी जायसवाल, इंद्र भान सिंह, अशोक मिश्र, विजय गुप्ता, आशा गौड़, सरोज मिश्र, डा.मंजूषा पाण्डेय, अशोका



द्विवेदी, शकुन्तला गौतम, प्रतिमा शुक्ला, बसंती सिंह, रीना द्विवेदी, रवि सोनकर, किशन मौर्या, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, अशोक कसौधन, सुरेन्द्र यादव, मनोज श्रीवास्तव, विश्वनाथ सिंह, अनूप दूबे, दिनेश मिश्र, नीरज श्रीवास्तव रिंकू मौजूद थे ।सांसद प्राइज मनी महिला खेल प्रतियोगिता में प्रथम दिन खो-खो प्रतियोगिता में रामपुर भगन ने तारून, ग्रामोदय कन्या इंटर कालेज ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीकापुर, सराय बरई ने राम चरन इण्टर कालेज, माध्यमिक स्तर बीकापुर ने जिला क्रीडा समिति तथा कम्पोजिट विद्यालय खंडासा ने महाराजा इंटर कालेज को पराजित किया।

कबड्डी के मैच में आनंद एकेडमी ने उमापुर मवई, बनी कोडर की टीम ने उमापुर मवई , पूर्व मा.वि. चैरे बाजार ने महाराजा इंटर कालेज, केटी पब्लिक स्कूल की टीम ने बालिका विद्यालय रामपुर, कम्पोजिट वि. खंडासा ने श्री रामबल्लभा इण्टर कालेज, ग्रामोदय कन्या इ. कालेज ने स्टेडियम डाभासेमर, जन समाज इ. कालेज ने टीएनआईसी बीकापुर, रामपुर भगन ने मैथेडिस्ट गर्ल्स इ. कालेज को , कस्तूरबा गांधी स्कूल ने श्री रामचरन इ.कालेज कुमारगंज को तथा एचसीजे एकाडमी ने स्टेडियम डाभासेमर की टीम को हराया।

## कॉलेज हम सभी का इसके विकास में सभी का योगदान अहमः कौशल

### कॉलेज प्रांगण में युवा महोत्सव आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर आगंतुकों ने की सराहना

एस पी मिश्रा

**बहराइच**। किसान पीजी कॉलेज में शुक्रवार को युवा महोत्सव 2023 . 24 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल जी तथा विशिष्ट अतिथि सांसद अक्षयवर लाल गोंड तथा डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुल सचिव अंजनी कुमार मिश्र रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल जी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वह किसान पीजी कॉलेज के साथ भावनात्मक रूप से जुडाव है। महाविद्यालय के संस्थापक स्वाधीनता सेनानी और हुकुम सिंह की धरोहर है। जिस प्रकार महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह महाविद्यालय के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं ऐसे में हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह महाविद्यालय के उत्थान में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही समाज में बदलाव ला सकता है इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सीमावर्ती 54 थारू गांव में जहां शिक्षा और विकास एक सपना था वहां अब 34 सब इंस्पेक्टर कई डॉक्टर तहसीलदार तथा अन्य अधिकारी शिक्षित होकर समाज की सेवा कर रहे हैं ।सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने कहा कि शिक्षा के विकास के लिए वह लगातार प्रयत्नशील है देवरिया जनपद में दो महाविद्यालय की प्रबंध समिति के वह अध्यक्ष हैं और अपने संसदीय क्षेत्र में भी शैक्षिक विकास के लिए वह हर संभव प्रयास कर रहे हैं। समारोह की विशिष्ट अतिथि कुलसचिव श्री मिश्र ने अवधी भाषा में अपना व्याख्यान दिया और महाविद्यालय के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की। उन्होंने महाविद्यालय के विकास में सदैव सहयोग का भरोसा दिलाया उन्होंने महाविद्यालय प्रबंध तंत्र की जमकर प्रशंसा किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि की ओर से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के बाद किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में थारू डांसए कत्थक नृत्यए अवध में राम आएंगेए नारी शक्ति पर आधारित कार्यक्रम आदि काफी सराहे गए। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सोनाली श्रीवास्तवए बीएड की स्वप्निल अजीज को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया जबकि बीए बीएससी और बीकॉम के सर्वोच्च सर्वोत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को बाबू सुंदर सिंह ग्रुप आफ स्कूल्स की ओर से 11.11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि तथा प्रमाण पत्र बाबू सुंदर सिंह के पुत्र आनंद शेखर की ओर से प्रदान किया गया। स्वागत भाषण कालेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉण एसपी सिंह ने कियाए जबकि धन्यवाद भाषण प्राचार्य डॉण विनय सक्सेना ने किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

इस मौके पर हुजूरपुर के ब्लॉक प्रमुख तथा कालेज प्रबंधन समिति के सदस्य अजीत प्रताप सिंह बबलूए विनोद कुमार ददुआए सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि सुनील सिंहए आरएसएस के प्रांत समरसता प्रमुख राज किशोर प्रांतए विभाग प्रचारक अवधेश जी जिला प्रचारक अजय जीए जिला कार्यवाहक भूपेंद्र जी कॉलेज प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ राजेंद्र सिंह राठौरए देवेन्द्र प्रताप सिंह छोटू भैया समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# टुंडा का बरी होना

देश में भले ही हाल के वर्षों में सुरक्षा एजेंसियों की कड़ी निगरानी और सतर्कता के कारण आम जनजीवन में खौफ भरने वाली आतंकी घटनाएं कम हो गयी हों, लेकिन एक दौर ऐसा भी था जब कोई भी ट्रेन, शहर इन आतंकियों की हरकतों से सुरक्षित नहीं था। संसद, लाल किला, ट्रेन, विधानसभा से लेकर सुरक्षा एजेंसियों के कैंप तक आतंक के निशाने पर थे। अनेक आतंकी संगठन मासूम युवाओं को बरगलाकर जिहादी बनाते और उनको टूल बनाकर आतंकी घटनाओं को अंजाम देते। देश को आतंक की आग में झोंकने के लिए पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकियों को भेजने, आतंकी संगठनों को फंडिंग और घातक अस्त्र-शस्त्र मुहैया कराने का काम आईएसआई के जरिए करता था। दरअसल पाकिस्तान सीधे युद्ध में भारत जीत नहीं सकता इसलिए 1971 के बाद से ही उसकी नीति भारत को अधिक से अधिक जख्म देने की थी। पाक के इसी नापाक मंसूबे का हिस्सा भारत में कुछ लोग बने। अब्दुल करीम उर्फ टुंडा उसी में से एक था। उत्तर प्रदेश के हापुड़ का रहने वाला अब्दुल करीम टुंडा बम बनाने का एक्सपर्ट है। बम बनाते समय ही उसका हाथ चिथड़ा हो गया था जिसके कारण लूला हो गया। लूला होने से ही उसका नाम टुंडा पड़ा। अयोध्या में विवादित ढांचा विध्वंस के बाद देश में बड़े पैमाने




पर हिंसा, बम विस्फोट की घटनाएं हुई हैं। मुंबई में सीरियल बम धमाके हुए। 12 मार्च 1993 को मुंबई में सीरियल बम धमाकों में 257 लोगों की मौत और 1400 लोग घायल हुए थे। भयावह आतंकी घटना को दाऊद इब्राहिम और उसके साथियों ने साजिश कर अंजाम दिया था। मुंबई में सीरियल धमाकों के बाद देश दहल गया था। अब्दुल करीम उर्फ टुंडा भी इसी समय सक्रिय था। उस पर दिल्ली और गाजियाबाद में करीब-करीब तीन दर्जन मामले दर्ज थे। टुंडा ने बाबरी विध्वंस का बदला लेने के लिए इरफान और हमीदुद्दीन के साथ मिलकर तंजीम इस्लाम उर्फ मुसलमीन बनाया और छह दिसम्बर 1993 को लखनऊ, कानपुर, दिल्ली, हैदराबाद, सूरत, मुंबई में राजधानी एक्सप्रेस समेत लंबी दूरी की छह ट्रेनों सिलसिलेवार धमाके की साजिश रची। इस साजिश में शामिल करीब एक दर्जन लोगों को अब तक सजा हो चुकी है। टुंडा सीरियल धमाकों का मुख्य आरोपी था, लेकिन अजमेर की टाडा अदालत ने पर्याप्त सबूतों के अभाव में उसे बरी कर दिया। सीरियल धमाकों के करीब 29 साल बाद मुख्य आरोपी का बरी होना चिंताजनक है। यह अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया पर गंभीर सवाल है कि देश के खिलाफ की गयी इतनी बड़ी साजिश का अभी मुकदमा ही चल रहा है। इस मामले में इरफान और हमीदुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी लेकिन टुंडा को बरी कर दिया गया। टुंडा मुख्य साजिशकर्ता था और बम बनाने का एक्सपर्ट होने के कारण वह ऐसी साजिशों को आसानी से अंजाम भी दे सकता था। लेकिन एक तो टुंडा को काफी समय तक पकड़ा नहीं जा सकता और जब पकड़ा गया तो पर्याप्त सबूत अदालत के सामने नहीं पेश किये गये। अब इतने पुराने मामले में नये सिरे से सुबूत जुटाना आसान नहीं होता है। सुबूतों के अभाव टुंडा का बरी होना गंभीर सवाल खड़े करता है। इतने बड़ी आतंकी साजिश में 29 साल तक मुकदमा चलते रहने और सजा न होने से आतंक के खिलाफ हमारी लड़ाई कमजोर होगी। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को कड़ाई लागू करना है तो सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी, सतर्कता से लेकर अभियोजन और सजा दिलाने की प्रक्रिया तक, सब कुछ तेज करनी पड़ेगी। तीन दशक तक सजा न होने से आतंक के खिलाफ लड़ाई कमजोर होगी

## विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

-गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

-महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

-महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

- शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

-गौतम बुद्ध.

# देश की जरूरत है 'टू चाइल्ड पालिसी'

डॉ. अनिता राठौर



> परिवार का अर्थ है पति, पत्नी व उनके दो बच्चे। इस नीति को ईरान, सिंगापुर व वियतनाम जैसे देशों में इस्तेमाल किया जा चुका है। 1970 के दशक में ब्रिटिश हांगकांग में दो बच्चों की सीमा को प्रोत्साहित किया जाता था, हालांकि कानूनन लाजमी न था, इसे परिवार नियोजन की स्ट्रेटेजी के रूप में प्रयोग किया जाता था। चीन में भी पहले एक-बच्चा नीति थी।

रामलाल जाट ने साल 2017 में सेना की सेवा से रिटायर होने के बाद 25 मई 2018 को राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के पद के लिए अर्जी दी थी। लेकिन राजस्थान पुलिस सबओर्डीनेट सर्विस रूल्स, 1989 के नियम 24(4) के तहत उनके आवेदन को ठुकरा दिया गया क्योंकि प्रावधान यह है कि 'एक जून 2002 के बाद जिस भी प्रार्थी के दो जीवित बच्चों से अधिक बच्चे होगें वह सरकारी नियुक्ति के लिए योग्य नहीं होगा'। यह नियम राजस्थान विविध सेवा (संशोधन) नियमों, 2001 का ही अनुसरण कर रहा था। अपनी अर्जी के ठुकराये जाने को रामलाल जाट ने राजस्थान हाईकोर्ट में चुनौती दी, जिसने अक्टूबर 2022 में उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि नियमों का निर्धारण पूर्णतः नीति के दायरे में आता है जिसमें अदालत हस्तक्षेप नहीं कर सकती। इस फैसले के विरुद्ध रामलाल जाट ने सुप्रीम कोर्ट में दस्तक दी, लेकिन वहां भी उन्हें निराशा ही हाथ आयी।

बीती 28 फरवरी 2024 को न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश दिपांकर दत्ता व न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए इस तथ्य पर मोहर लगा दी कि जिन प्रार्थियों के दो से ज्यादा जीवित बच्चे हैं उन्हें सरकारी नौकरी नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्णय में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता महसूस नहीं की। गौरतलब है कि लगभग 21 साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान व हरियाणा के संदर्भ में इस नियम को वैध ठहराया था कि दो से अधिक जीवित बच्चों वाले प्रत्याशी पंचायत का चुनाव नहीं लड़ सकते। न्यायाधीश सूर्यकांत के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कहा, 'ऐसा ही एक प्रावधान (जावेद व अन्य बनाम हरियाणा राज्य, 2003) पहले भी पंचायत चुनाव लड़ने हेतु प्रत्याशियों की योग्यता के संदर्भ में पहले भी अदालत के सामने आया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने वैध माना था। इस अदालत ने माना था कि जो क्लासिफिकेशन दो से अधिक बच्चों वाले प्रत्याशी को पंचायत चुनाव लड़ने से रोकता है, वह भेदभावपूर्ण नहीं है और संविधान की शक्ति के अधीन है क्योंकि इस प्रावधान का उद्देश्य परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करना है।' नीतियां व नियम बनाने का अधिकार व जिम्मेदारी सरकार की है ( इस दृष्टि से सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला एकदम दुरुस्त है। लेकिन इससे अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न उठते हैं। दो से अधिक जीवित बच्चों के पेरेंट्स को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी और वह पंचायत चुनाव में प्रत्याशी भी नहीं बन सकते, यह नियम राजस्थान व कुछ अन्य राज्यों में ही क्यों है? इस संदर्भ में राष्ट्रीय नीति क्यों नहीं है? पंचायत के सदस्यों को भी जनता ही चुनती है तो फिर यह नियम विधायक व सांसद बनने के इच्छुक प्रत्याशियों के लिए क्यों नहीं है? क्या दो बच्चों के नियम से परिवार नियोजन को प्रोत्साहन मिल रहा है? चीन ने जो पहले एक, फिर दो और अब तीन बच्चों की जबरन सीमा निर्धारित की हुई है उसकी असफलता से हमें क्या सबक मिलता है? आदि। यहां यह बताना आवश्यक है कि टू-चाइल्ड पालिसी (अधिकतम दो बच्चों की नीति) विश्व के अनेक देशों में अपनायी गई है, जिसके तहत प्रति परिवार दो बच्चों की सीमा होती है या सरकारी सब्सिडी का पेमेंट केवल पहले दो बच्चों के लिए किया जाता है।

### राष्ट्रीय संसाधनों पर बढ़ा आबादी का दबाव

परिवार का अर्थ है पति, पत्नी व उनके दो बच्चे। इस नीति को ईरान, सिंगापुर व वियतनाम जैसे देशों में इस्तेमाल किया जा चुका है। 1970 के दशक में ब्रिटिश हांगकांग में दो बच्चों की सीमा को अत्यधिक प्रोत्साहित किया जाता था, हालांकि कानूनन वह लाजमी न था, इसे परिवार नियोजन की स्ट्रेटेजी के रूप में प्रयोग किया जाता था। चीन में पहले एक-बच्चा नीति थी, जिसके बाद 2016 से 2021 तक दो-बच्चा नीति लायी गई, लेकिन फिर भी जन्म दर में आ रही जबरदस्त कमी की भरपाई न की जा सकी और तीन-बच्चा नीति लायी गई। जुलाई 2021 में चीन में परिवार के साइज की सभी सीमाओं को हटा दिया गया और संबंधित जुमानों को भी खत्म कर दिया गया। भारत में जन्म नियन्त्रण के विभिन्न तरीके और अनेक परिवार नियोजन कार्यक्रम वर्षों से उपलब्ध हैं, लेकिन बढ़ती जनसंख्या आज भी समस्या बनी हुई है। इसी को मद्देनजर रखते हुए संसद में 2015 में टू-चाइल्ड नॉर्म बिल लाया गया था, जिसमें प्रस्तावित है कि भविष्य की पीढ़ी में छोटे परिवार को प्रोत्साहित किया जाये और जो परिवार दो बच्चों की सीमा को अपनाते हैं उन्हें कुछ इंसेंटिव दिए जायें जैसे मुफ्त शिक्षा, रोजगार आदि।

यह विधेयक अगर पारित हो जाता है तो इसका खर्च कंसोलिडेटेड फण्ड ऑफ इंडिया से उठाया जायेगा। बहरहाल, दो-बच्चा पालिसी के संदर्भ में हाल ही में राज्यसभा में प्राइवेट मेम्बर बिल पेश किया गया। यह विधेयक भारतीय संविधान में संशोधन की मांग करता है कि दो बच्चों वाले परिवार को कर में छूट दी जाये, स्कूल में कन्सेशन दिया जाये और टैक्सेशन में इंसेंटिव दिया जाये। इस विधेयक के आधार पर असम व उत्तर प्रदेश ने दो-बच्चा नीति अपनायी है ताकि बढ़ती जनसंख्या को सीमित किया जाये। इस नीति के प्रस्तावित प्रावधान ये हैं- दो बच्चों से अधिक वाले परिवारों को कल्याण योजनाओं के विभिन्न लाभ नहीं दिए जायेंगे, वह स्थानीय स्तर के चुनाव नहीं लड़ सकेंगे, राशन कार्ड केवल चार सदस्यों के लिए बनाया जायेगा, सरकारी रोजगार नहीं दिया जायेगा, जो पहले से ही फुल-टाइम सरकारी जॉब्स में हैं तरक्की व वेतन वृद्धि नहीं दी जायेगी। जो परिवार, सरकारी कर्मचारी सहित, नसबंदी के जरिये दो-बच्चा नीति अपनायेंगे उन्हें अनेक इंसेंटिव दिए जायेंगे, जैसे कर छूट, राज्य गृह सुविधा आदि। जिस परिवार में केवल एक बच्चा है उसे अपने सरकारी रोजगार के दौरान चार अतिरिक्त इन्क्रीमेंट मिलेंगे, मुफ्त हेल्थकेयर मिलेगी और बच्चे को 20-वर्ष तक मुफ्त स्कूलिंग मिलेगी। यह भी प्रस्तावित है कि जो लोग सरकारी जॉब्स में नहीं हैं और दो-बच्चा नीति अपनाते हैं उन्हें बिजली व पानी के बिलों में छूट मिलेगी और होम लोन व हाउसिंग टैक्स में भी रियायत मिलेगी।

दूसरी ओर दो-बच्चा नीति अपनाने में कुछ चुनौतियां भी हैं। ग्लोबल अनुभव बताता है कि सीमित बच्चों के लिए किसी भी प्रकार का दबाव काउंटर-प्रोडक्टिव होता है और डेमोग्राफिक समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं, जैसा कि चीन में हुआ है। यह ग्लोबल जिम्मेदारी के विरुद्ध है, जिसमें इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन पापुलेशन एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑफ एक्शन ऑफ 1994 के नियम भी शामिल हैं, जिन पर भारत ने भी हस्ताक्षर किये हुए हैं। यह प्रजनन स्वतंत्रता व निजता के अधिकार के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट ने सुचिता श्रीवास्तव व अन्य बनाम चंडीगढ़ प्रशासन (2009) के अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि महिला का प्रजनन निर्णय उसकी व्यक्तिगत आजादी के अधिकार का आवश्यक तत्व है जो उसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 से प्राप्त है। फिर इस बात का भी कोई साक्ष्य नहीं है ऐसा नियम फर्टिलिटी रेट कम करने में सहयोगी होता है, जबकि इससे लैंगिक असमता में इजाफा हो सकता है, गर्ल चाइल्ड के विरुद्ध रुझान बढ़ सकता है। पितृसत्तात्मक संस्कृति में जब दो-बच्चों की सीमा होगी तो महिलाओं पर लड़कों को जन्म देने का अधिक दबाव होगा, जिससे असुरक्षित गर्भपात की घटनाएं बढ़ सकती हैं और लिंग-अनुपात संतुलन गड़बड़ा सकता है। अतः इस विषय पर राष्ट्रीय नीति से पहले राष्ट्रव्यापी बहस हो।

## सोशल मीडिया



बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। माता जानकी से आपके लिए उत्तम स्वास्थ्य व सुदीर्घ जीवन प्रार्थना है।

-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री.

# जीवन क्या है?

## अंतर्दृष्टि

जीवन क्या है, इसका उत्तर तभी हो सकता है जब जीवन के अतिरिक्त कुछ और भी हो। जीवन ही है, उसके अतिरिक्त कुछ और नहीं है। हम उत्तर किसी और के संदर्भ में दे सकते थे, लेकिन कोई और है नहीं, जीवन ही जीवन है। तो न तो कुछ लक्ष्य हो सकता है जीवन का, न कोई कारण हो सकता जीवन का। कारण भी जीवन है और लक्ष्य भी जीवन है। ऐसा समझो, तुमसे कोई पूछे, किस चीज पर ठहरे हो? तुम कहो, छत पर और छत किस पर ठहरी है? तो तुम कहो-दीवालों पर और दीवालें किस पर ठहरी हैं? तो तुम कहो, पृथ्वी पर और पृथ्वी किसी पर ठहरी है? तो तुम कहो गुरुत्वाकर्षण पर और ऐसा कोई पूछता चले, गुरुत्वाकर्षण किस पर ठहरा है? तो चांद-सूरज पर और चांद-सूरज तारों पर और अंततः पूछे कि यह सब किस पर ठहरा है? तो प्रश्न तो ठीक लगता है, भाषा में ठीक जंचता है, लेकिन सब किसी पर कैसे ठहर सकेगा, सब में तो वह भी आ गया है जिस पर ठहरा है। सब में तो सब आ गया। बाहर कुछ बचा नहीं। इसको ज्ञानियों ने अति प्रश्न कहा है। सब किसी पर नहीं ठहर सकता। इसलिए परमात्मा को स्वयंभू कहा है। अपने पर ही ठहरा है। अपने पर ही ठहरा है, इसका अर्थ होता है, किसी पर नहीं ठहरा है।

जीवन क्या है, तुम पूछते। जीवन जीवन है। क्योंकि जीवन ही सब कुछ है। मेरे लिए जीवन परमात्मा का पर्यायवाची है। लेकिन प्रश्न पूछा है, जिज्ञासा उठी है, तो थोड़ी खोजबीन करें। अगर उत्तर देना ही हो, अगर उत्तर के बिना बेचैनी मालूम पड़ती हो, तो फिर जीवन को दो हिस्सों में तोड़ना पड़ेगा। जिसने उत्तर दिए, उन्होंने जीवन को दो हिस्सों में तोड़ लिया। एक को कहा, यह जीवन और एक को कहा, वह जीवन। यह जीवन माया, वह जीवन सत्य इस जीवन का अर्थ फिर खोजा जा सकता है। इस जीवन का अर्थ है, उस जीवन को खोजना। इस जीवन का प्रयोजन है, उस जीवन को पाना। यह अवसर है। मगर तब जीवन को बांटना पड़ा। बांटों तो उत्तर मिल जाएगा। मगर उत्तर थोड़ी दूर तक ही काम आएगा। फिर अगर कोई पूछे कि वह जीवन क्यों है, सत्य का, मोक्ष का, ब्रह्म का, फिर बात वहीं अटक जाएगी। वह जीवन बस है। लेकिन यह विभाजन काम का है। कृत्रिम है, फिर भी काम है। अपने भीतर भी तुम इन दो धाराओं को थोड़ा पृथक-पृथक करके देख सकते हो। थोड़ी दूर तक सहारा मिलेगा। एक तो वह है जो तुम्हें दिखायी पड़ता है, और एक वह है जो देखता है। दृश्य और द्रष्टा। ज्ञाता और ज्ञेय। जानने वाला और जाने वाला। उसमें ही जीवन को खोजना जो जाननेवाला है। अधिक लोग उसमें खोजते हैं जो दृश्य है।

**- ओशो.**

# साहित्य की दुश्मन नहीं कृत्रिम बुद्धिमत्ता




साहित्य चर्चा ● लोकमित्र

किसी नई तकनीक, नई सोच, नई बात या किसी भी नये अनुभव से समाज हमेशा न सिर्फ बचना चाहता है बल्कि उसे पहली फुर्सत में ही समाज विरोधी भी बता देता है। ऐसा ही कुछ इन दिनों कृत्रिम बुद्धिमत्ता या आर्टिफिशियल इंटलीजेंसस को साहित्य की दुनिया के लिए बताया जा रहा है। अंडमान से लेकर अमेरिका तक इसके आलोचक आसमान सिर पर उठाये हुए हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे अंदर की भावनाओं को खत्म कर देगी, हमारी कल्पनाओं को लंगड़ा कर देगी वगैरह वगैरह।

एक तरफ जहां दुनिया के सैकड़ों वैज्ञानिक इसे मानवीय सहूलियतों के लिए सबसे बड़े आविष्कार की संज्ञा दे रहे हैं, वहीं ऐसे वैज्ञानिकों की भी कमी नहीं है, जो यह साबित करने में तुले हुए हैं कि एक दिन यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता इंसान से ज्यादा विकसित हो जायेगी और फिर यह इंसान को अपना बंधक बन लेगी। सचमुच ऐसा सोचना बेहद हास्यापद है। हैरानी होती है यह सोचकर कि आखिर कोई इंसान इतना नकारात्मक कैसे हो सकता है? जो लोग बड़ी ऊंची आवाज में कह रहे हैं कि अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर तुरंत रोक न लगायी गई तो यह अब तक के इंसानी विकास को बेमतलब बना देगी, क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अपने विकास के बल पर इंसान को बंधक बना लेगी। दुनिया के कई देशों में तो बकायदा कैबिनेट कमेटियां बनी हुई हैं, जो वैज्ञानिकों से इस संबंध में व्यापक विचार विमर्श कर रही हैं। इसके बाद ही इन देशों की सरकारें कोई इस पर अंतिम फैसला करेंगी। अमेरिका जैसे देश में भी फिलहाल एआई को अपनी कल्पनाओं की उड़ान भरने की अनुमति नहीं है। यहां एक कैबिनेट कमेटी रिव्यू कर रही है, जो जल्द ही निर्णय लेगी कि एआई को आखिर मौजूदा दुनिया में किस हद तक हस्तक्षेप करने की छूट दी जाए।

जाहिर है जब रोजमर्रा की व्यवहारिक दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर इतनी अधिक आशंकाएं हैं तो पूरी तरह से भावनाओं और कल्पनाओं में रंग भरने वाले साहित्य की दुनिया इससे भला अछूती कैसे रह सकती है, खासकर तब जबकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अपने शुरूआती प्रयोगों और इस्तेमालों में ही साहित्य को अपने दायरे में समेट रही हो। नवंबर 2022 के अखिरी में जैसे ही ओपेन एआई नामक एक कंपनी ने क्रांतिकारी चैटजीपीटी तकनीक का एक मुफ्त मॉडल ह्यचैटबाटह्व के रूप में दुनिया के लिए जारी किया, तभी से सोशल मीडिया से लेकर पारंपरिक मीडिया तक हर जगह ऊंची ऊंची आवाज में यह रुदन शुरू हो गया कि यह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की दुनिया इंसानी भावनाओं और कल्पनाओं को मशीन में तब्दील कर देगी। कहना न होगा कि इसके विरोध में बड़े बड़े सेमिनार हो रहे हैं, लेख लिखे जा रहे हैं और महत्वपूर्ण मंचों में जाहिर है इसकी आलोचना तो हो ही रही है। लेकिन इतिहास देखें तो ऐसे रुदनों का इतिहास हमेशा बहुत दयनीय रहा है। दुनिया में जिन आविष्कारों को लेकर सबसे ज्यादा हाय तौबा मचायी गई, जिन आविष्कारों पर रोक लगाई गयी, जिन्हें लेकर वैज्ञानिकों को सुधार की सलाह दी गई या उन्हें धमकाया गया, वे सारे आविष्कार हर हाल में होकर रहे हैं।

यही नहीं अंत में पता चला है कि उन्हें लेकर जो डर फैलाया गया था, वह नितांत गैरजरूरी और बेमतलब था। कुछ ऐसी ही स्थितियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर भी बन रही हैं। हालांकि अभी इन्हें कोई मानने को तैयार नहीं हैं, लेकिन जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लानत मलानत भेजने वाले बुद्धिजीवी, साहित्यकार और तथाकथित समाज वैज्ञानिक पिछले पैरों पर जाने के लिए मजबूर होंगे। क्योंकि सदियों के अनुभव के बाद भी यह बात इनकी समझ में नहीं आ रही कि दुनिया की कोई भी बुद्धिमत्ता इंसानों के जरिये निर्मित है, इंसान किसी बुद्धिमत्ता का उत्पाद नहीं हैं। हालांकि विरोधी अब किसी हद तक समझ गए हैं कि चैटजीपीटी के साथ ही दूसरी कंपनियों के बाजार में आये एआई राइटिंग मॉडल इंसान की न तो कल्पनाशीलता को कुंद कर रहे हैं और न ही कहीं से अभी तक इंसान का विकल्प बनने की कोशिश करते दिख रहे हैं।



चैटजीपीटी या कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दूसरे तकनीकी मॉडल अभी तक इंसान के लिए रोज रोज मशीनी अंदाज में लिखे जाने वाले थकाऊ मसौदों-जैसे अदालतों के विवरण, कारपोरेट दुनिया की नोटिसें, कारोबारी ई-मेल्स आदि का ही विकल्प बने हैं। अभी तक किसी चैटजीपीटी या इसके दूसरे समकक्ष मॉडल ने किसी लड़की के लिए अपनी तरफ से भावनाओं से लबरेज कोई प्रेमपत्र नहीं लिख सका। जाहिर है यह मशीन के लिए संभव ही नहीं है। दरअसल हम यह भूल जाते हैं कि कोई मशीन त्वरित रूप से अपनी बुद्धिमत्ता में कुछ नहीं जोड़ती। इसकी बुद्धिमत्ता की सारी सीमाएं वही होती हैं, जो इसके बनने के समय तक कोई इंसान इसमें प्रोग्राम्ड कर देता है। एक बार जब कोई मशीन बनकर तैयार हो जाती है, तो फिर वह वही काम करती है, जो उससे करवाने के लिए उसमें प्रोग्राम किया होता है। कोई मशीन काम करते करते कुछ नहीं सीखती न ही कल्पना करके अपने किसी निर्धारित पाठ में कोई तब्दीली करती है। कोई मशीन इंसान की तरह लिखते लिखते कुछ नहीं सोचती कि तत्काल आयी नई कल्पनाओं के जरिये अपने लेखन की दिशा ही बदल दे। यह खूबी इंसान में ही होती है कि वह सोचते सोचते पहले से तय की गई सोच के उलट या विपरीत दिशा में चला जाए। दरअसल इंसान में हर समय विकास होता रहता है। हर समय उसकी सोच और समझ बदलती रहती है। इसलिए दुनिया की कभी कोई तकनीकी मशीन न तो इंसान के दिमाग का मुकाबला कर सकती है और न ही इंसान के दिल का उसके पास कोई विकल्प होता है। इसलिए यह कहना कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारी साहित्यिक कल्पनाओं को हमसे छीन लेगी, एक बेमतलब का डरना और डराना है। साहित्य में हमेशा से वे उड़ाने भरी जाती हैं, जो व्यवहारिक रूप से संभव ही नहीं होतीं और कोई भी तकनीक या कोई भी मशीन अपनी अधिकतम उड़ान वहीं तक भर सकती है, जहां तक तकनीक अविष्कृत हो चुकी हो। ऐसे में सवाल ही नहीं उठता कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता या आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस कभी इंसानों की कल्पनाओं और भावनाओं से रचे जाने वाले जादुई सहित्य संसार को बेमतलब बना दे या इंसानों जैसा मशीनें रच सकें, यह संभव ही नहीं है। सच बात तो यह है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता या एआई ने अब तक इंसान को फायदा ही पहुंचाया है, कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। मसलन अभी तक यह उस सारे लेखन का ही जिम्मा खुद उठा रही है, जो नीरस, ऊबाऊ और कारोबारी लेखन है। जहां एक एक शब्द पहले से तय है, अभिवादन का तरीका तक जहां फिक्स है। जैसे कारपोरेट मेल, अदालतों के तयशुदा विवरण आदि। इसने अभी तक जो सहूलियत दी है वह बहुत महत्वपूर्ण है जैसे एआई के जरिये आख्यानों को वैयक्तिकृत करके पढ़ना एक नया और रोमांचक अनुभव है। एआई व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के आधार पर कहानियों को अनुकूलित कर रही है, इसी तर्ज पर एआई इंटरैक्टिव कहानी कहने को सक्षम बनाता है, जहां पाठक साहित्यिक सामग्री के साथ अधिक गहन जुड़ाव को महसूस करता है। यह लेखक को उसके लेखन पर बहुत प्राथमिक फीडबैक भी देता है, जिससे लेखक अपने लेखन महत्वपूर्ण सुधार कर सकता है। महज कोई तथ्य जानने के लिए आपको साहित्य के समुद्र को पार नहीं करना होता। एआई-जनरेटेड सारांश से काम चल जाता है। इस तरह देखें तो अभी तक एआई ने कोई नुक्सान नहीं किया उलटे इंसान को समृद्ध ही किया है।

## आप की बात

### नये अवसरों का सृजन

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं।

**मनीष कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### शहीदों का सम्मान जरूरी

शहीदों के नाम से हर गांव में शिलाएं लगायी जा रही हैं। भारत सरकार ने शहीदों का सम्मान करने के लिए अंडमान निकोबार में द्वीपों का नामकरण शहीदों के नाम करके सराहनीय कार्य किया है। नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र से सम्मानित देश के परमवीरों के नाम पर किया। गणतंत्र दिवस से तीन दिन पूर्व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह के द्वीपों का नामकरण देश के परमवीरों के नाम पर करना, उनकी स्मृतियों को कालजयी बनाना और देश के नायकों को वह सम्मान देना जिसके वास्तव में वे हकदार हैं, दरअसल संपूर्ण देश का कर्तव्य है। कोई भी देश अपने महानायकों को विस्मृत कर गौरव का बोध नहीं कर सकता है।

**दिनेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## बाइकों में भिड़ंत तीन घायल

**ऊँचाहार, रायबरेली।** दो बाइकों के बीच आमने सामने से हुई जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये, जिन्हें राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामला नगर के खरौली रोड का है, जहां शुक्रवार की दोपहर दो बाइकों के बीच आमने सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई, घटना में एक बाइक पर सवार विक्रम 17 वर्ष, व दिव्यांश 16 वर्ष निवासी पूरे जिला मजरे गंगौली तथा दूसरे बाइक पर सवार कासिफ 30 वर्ष निवासी रेलवे कॉलोनी घायल हो गये, राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इस बाबत सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आये थे, जिनका उपचार किया जा रहा है।

## नवागत एसडीएम ने संभाला कार्यभार

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** नवागत एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को जयसिंहपुर तहसील पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह सहारनपुर में एसडीएम के पद पर तैनात थे। यहां एसडीएम के पद पर कार्यरत रहे अरविंद कुमार का हाल ही में बनारस स्थानांतरण हो गया है। तहसील का चार्ज संभालने के बाद नवागत एसडीएम ने नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा से विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने कहा कि पीड़ित जनता को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। जनता अपनी समस्या को लेकर कभी भी दफ्तर में मिल सकती है। तहसील कर्मचारियों द्वारा काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने शासन की प्राथमिकताओं का शत प्रतिशत पालन कराने व आम आदमी की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया।

## तहरीर पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज

**चांदा, सुलतानपुर।** चांदा क्षेत्र के स्थानीय कस्बा में किराए के मकान में सरिता पाण्डेय अपने बेटे के साथ रह रही थी। गुरुवार की बीती रात सरिता का 16 वर्षीय पवन पाण्डेय पिता विनोद पाण्डेय पंडित मोती लाल नेहरू इंटर मीडिएट कॉलेज प्रतापपुर कमैचा से दसवीं की बोर्ड परीक्षा देकर घर लौटने के बाद पवन अचानक गायब हो गया जब सरिता अपने बेटे को लगभग पांच बजे खोजने लगी तो पवन नहीं मिला। पवन के परिजनों ने आसपास के रिस्तेदारो के यहां खोजबीन किया, परन्तु पवन मिला नहीं। जिसकी सूचना चांदा कोतवाली मे जाकर मां लिखित सूचना दी है। चांदा थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह ने बतायातहरीर मिली गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज बच्चे की तलाश की जा रही है।

## स्कूटी व चाय, पान की दुकान राख

**सुलतानपुर (वीओएल)।** बीती रात अज्ञात लोगों ने पान की गुमटी, चाय की गुमटी व छप्पर को आग के हवाले कर दिया। जब तक करवेवासी जगे तब तक आग की चपेट में आने से सारा सामान जलकर राख हो गया। गुरुवार की रात कुड़वार कस्बे के अलीगंज रोड पर संतोष तिवारी उर्फ बब्लू पुत्र रामेश्वर तिवारी की पान की गुमटी, सुरेश तिवारी पुत्र सीताराम तिवारी की चाय की दुकान का छप्पर व गुमटी निवासीगण पूरे तिलक तिवारी व कस्बे की निवासी आंचल अग्रहरी पुत्र रामजी अग्रहरी की स्कूटी को आग के हवाले कर दिया। जब तक अगल बगल के लोग जगे तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझाई। घटना की तहरीर पीड़िता आंचल ने कुड़वार पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## छात्र ने छात्रावास में लगायी फांसी

**कौशांबी।** कौशांबी में आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्रावास में दसवीं कक्षा के एक छात्र ने कथित तौर पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पश्चिम शरीरा थाने के प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि आदित्य दिवाकर (15) ने बृहस्पतिवार रात को छात्रावास के कमरे में मफलर से छत में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। स्कूल के अन्य छात्र के अनुसार आदित्य विज्ञान विषय की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था, जिसके कारण वह तनाव में था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# डिजिटलाइजेशन के खिलाफ आंदोलन शुरू




- काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया काम
- शिक्षकों में डिजिटलाइजेशन व्यवस्था को लेकर व्याप्त है आक्रोश

**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों के ऊपर जबरदस्ती थोपी जा रही डिजिटलाइजेशन व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के आवाह्न पर आज से जिले के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर आंदोलन शुरू कर दिया है। आज जिले के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। जिला संरक्षक समर बहादुर सिंह और जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि सरकार हम लोगों पर जबरदस्ती डिजिटलाइजेशन व्यवस्था थोफ रही है। जब तक हम लोगों की मांग को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक हम सभी शिक्षकों की तरफ से इस व्यवस्था का बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि संगठनों की तरफ से लगातार संसाधनों मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक सिम डेटा समेत अन्य कोई भी संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया है। सरकार की तरफ से जबरदस्ती थोपी जा रही व्यवस्था के खिलाफ आज से जनपद के शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध शुरू कर दिए है। सभी शिक्षक पांच दिनों तक काली पट्टी बांधकर विरोध करते रहेंगे। 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी हम लोगों की मांग नहीं पूरी होती है, तो फिर आगे रणनीति बनाकर लखनऊ में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## अभद्रता किये जाने से नाराज अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**ऊँचाहार, रायबरेली।** गुरुवार को डलमऊ तहसील में निजी कर्मियों द्वारा अधिवक्ताओं से अभद्रता किये जाने के मामले में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में प्रदर्शन कर निजी कर्मियों को हटाने की मांग करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। शुक्रवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तहसील में जमे निजीकर्मियों को हटाये जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसीलों में तैनात निजीकर्मियों द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, गुरुवार को डलमऊ तहसील में तैनात निजीकर्मियों ने अधिवक्ताओं से अभद्रता की थी, इसलिए डलमऊ तहसील के अधिवक्ताओं के समर्थन में हम लोग तहसील में तैनात निजीकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाई किये जाने व उन्हें हटाये जाने को लेकर प्रदर्शन कर रहे है और इसके लिए आज के दिन न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इस मौके पर राकेश चन्द्र उपाध्याय, दिनेश चन्द्र त्रिपाठी, धर्मेश पाठक, गिरीश चन्द्र द्विवेदी, रज्जन मिश्रा, कृष्ण कुमार अग्रहरि, मोहित श्रीवास्तव, शिवा जी पाण्डेय, विशाल चैरसिया, अजय शुक्ला, पप्पू यादव समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कायाकल्प योजना के तहत हुए निर्माण कार्य में जमकर लूट, सभासद ने की शिकायत

**ऊँचाहार, रायबरेली।** नगर पंचायत द्वारा प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प योजना के तहत हुए निर्माण कार्य में जमकर लूट हुई है। निकाय के सभासद ने इसकी विंदुवार शिकायत की, कार्रवाई न होने पर उसने मंडलायुक्त से जांच और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि कायाकल्प योजना के तहत ऊंचाहार नगर के प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद को शासन से लाखों रुपए स्वीकृत हुए थे। इसमें कार्यदाई संस्था नगर पंचायत को बनाया गया था। नगर के वार्ड संख्या के सभासद राज गुप्ता ने इस कार्य में जमकर हुई लूट को लेकर निकाय अध्यक्ष के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने डीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा कि विद्यालय की बाउंड्री निर्माण में पीली ईंटें लगाई गई है। इंटरलॉकिंग में नीचे बालू के स्थान पर सिल्ट डाली गई। यही नहीं इंटरलॉकिंग के नीचे उचित मिट्टी भी नही डाली गई। कमरों में टायल्स लगाते समय फर्स को बिना छीने केवल औपचारिक तरीके से कार्य करके लाखों रुपए की खुली लूट की गई है।

## धूमधाम से निकाली गयी कलश शोभा यात्रा



**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ से पूर्व भगवान वासुदेव की भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। कृपाशंकर द्विवेदी के संयोजन में निकली कलश यात्रा में सिर पर आस्था का कलश लिये महिला एवं पुरूष श्रद्धालु राधा-कृष्ण की भक्ति में रमे दिखे। डीजे पर बजते भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में नृत्य करते दिखे। कथाव्यास आचार्य डा. केसरीनाथ तिवारी जी महराज ने कहा कि कलियुग में भागवत भगवान की कथा के श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति होती है। कस्बे के हनुमान मंदिर, पौराणिक शिवधाम बाबा घुइसरनाथ आदि मन्दिरों में दर्शन पूजन के बाद कलश यात्रा कथास्थल पर समाप्त हुई। व्यवस्थापक शिवाकांत द्विवेदी सोनू ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। कलश शोभा यात्रा में नगर पंचायत लालगंज अध्यक्ष अनीता द्विवेदी, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश, शशिकांत द्विवेदी, सुबोध द्विवेदी, श्रीकांत द्विवेदी, कैलाश, पवन शर्मा, शुभम आदि शामिल रहे।

## परिजनों ने नम आंखों से किया युवक के शव का अंतिम संस्कार

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना अन्तर्गत साहबगंज में स्थित पोस्ट आफिस कार्यालय से जुड़ी सीढ़ी के सहारे फांसी के फंदे से युवक की मौत के मामले मे शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने नम आंखों से शव का अंतिम संस्कार किया। वहीं पीएम रिपोर्ट न मिलने से मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नही हो सका है। लीलापुर थाना के बहलोलपुर निवासी पचीस वर्षीय जितेन्द्र मिश्र पुत्र सुनील मिश्र का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला था। बेटे की मौत की जानकारी होने पर मेरठ मे रहकर ट्रक चलाने का कार्य करने वाला पिता शुक्रवार सुबह घर पहुंचा तो बेटे का शव देख फफक पड़ा। नम आंखों से गांव समीप देवली में बने अन्तेष्टि स्थल पर परिवार के लोगों ने शव को अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ नरेन्द्र कुमार का कहना है कि अभी पीएम रिपोर्ट नही आयी है। मृतक के परिवार से तहरीर भी नही मिली है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व प्रधान के निधन पर परिवार को सांत्वना देने पहुंची सदर विधायक अदिति सिंह

**रायबरेली।** बीते दिनों स्वर्गीय पूर्व विधायक अखिलेश सिंह के करीबी रहे सदर विधानसभा क्षेत्र के एक पूर्व प्रधान के निधन को लेकर पारिवारिक जनों को साहस देने के लिए अदिति सिंह पहुंची। गुरुवार को जनपद के सदर तहसील के अंतर्गत आने वाले राही ब्लाक के ग्राम जरौला में ग्राम के पूर्व प्रधान राम बहादुर यादव का आकस्मिक निधन हो गया था। जिसको लेकर जानकारी मिलते ही मृतक राम बहादुर के परिवार को सान्त्वना देने के लिए पहुंची। इस दुख की घड़ी में मृतक परिवार को साहस देने सदर विधायक पहुंची विधायिका ने आर्थिक सहायता राशि देकर आगे भी पूरी मदद किए जाने का परिवार के लोगों को आश्वासन दिया। विधायिका अदिति सिंह ने कहा कि मृतक राम बहादुर यादव हमारे स्वर्गीय पिता स्वर्गीय अखिलेश सिंह के बहुत ही करीबी थे। उनके निधन पर यहां पहुंचकर परिवार को सहायता राशि देकर ढांढस बंधाया हैं।

## निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित

**ऊँचाहार, रायबरेली।** शुक्रवार को नगर के मौर्या डायग्नोस्टिक सेंटर में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा 430 मरीजों का इलाज किया गया। शिविर में रायबरेली के अलावा आस पास प्रतापगढ़, फतेहपुर, अमेठी , कौशांबी आदि से मरीज पहुंचे। जिनका जांच के बाद इलाज किया गया। आयोजक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरपी मौर्य के नेतृत्व में डॉ. शशी शर्मा, डॉ. आशीष मौर्य, डॉ. प्रखर, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. सरिता मौर्या, डॉ. संदीप मौर्य, डॉ. श्रीनाथ ने मरीजों की जांच की और सभी को निःशुल्क दवाएं दी गई। आयोजक डॉ. आरपी मौर्य ने बताया कि शिविर में आर्थराइटिस, चर्मरोग, कंजेक्टिवाइटिस, ओवेरियन सिस्ट, गठिया, लीवर, पीलिया, गुर्दे की पथरी, बांझपन, इपीलिप्सी जैसे असाध्य व जटिल रोगों से पीड़ित 430 मरीजों का इलाज किया गया। शिविर में आए सभी को जांच के बाद निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।

# गैरजनपद स्थानांतरित एसडीएम को अधिवक्ताओं ने किया सम्मानित, विदाई

- लालगंज तहसील सभागार में स्थानांतरित एसडीएम ने बार व बेंच के मजबूत रिश्ते पर जताया आभार



**प्रतापगढ़।** गैरजनपद स्थानांतरण होने पर शुक्रवार को तहसील सभागार में एसडीएम लालधर सिंह यादव को अधिवक्ताओं ने समारोहपूर्वक विदाई दी। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह, महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने स्थानांतरित एसडीएम लालधर को प्रतीक चिन्ह तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। बतादें पिछले आठ माह के कार्यकाल के तहत एसडीएम लालधर सिंह यादव का इसी पद पर बहराइच जिले में स्थानांतरण हो गया था। गुरूवार की देर रात उन्हें जिले से कार्यमुक्त किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिवक्ता अनूप पाण्डेय के विदाई गीत से हुआ। स्थानांतरित एसडीएम लालधर सिंह यादव ने लालगंज में बार के द्वारा बेंच को मिले सकारात्मक सहयोग को प्रेरणास्पद बताया। उन्होने अधिवक्ताओं के सहयोग से जनता की समस्याओं का निदान कराने में मिली सफलता को यहां अपने कार्यकाल की स्मरणीय उपलब्धि बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी एसडीएम लालधर सिंह यादव की कार्यशैली की सराहना की। संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, टीपी यादव, वीरेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर दिनेश मिश्र, शैलेन्द्र सिंह बघेल, शिव नारायण शुक्ल, सुरेश मिश्र मदन, अशोक शुक्ला, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, सुशील शुक्ल, रामकिंकर शुक्ल, शैलेन्द्र शुक्ल, इरफान, प्रमोद सिंह, देशराज यादव, अरूण तिवारी, जितेन्द्र कनौजिया, सुमित त्रिपाठी, अरूण पिपरा और जितेन्द्र तिवारी आदि अधिवक्ता रहे। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी ने किया।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बाबा घुइसरनाथ धाम में तैयारियां शुरू

**प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पौराणिक शिवालय बाबा घुइसरनाथ धाम में तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर के गर्भ गृह समेत सम्पूर्ण परिसर में रंगरोगन का कार्य प्रगति पर है। बाबा धाम में पर्व को लेकर प्रतिवर्ष हजारों हजार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसके साथ ही यहां तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव का भी आयोजन होता है। जिसमें देश प्रदेश के साथ ही स्थानीय स्तर पर भी प्रसिद्ध कलाकार अपनी कला का जलवा बिखेरते हैं। शुक्रवार को मंदिर में रंगरोगन के साथ ही परिसर में साफ सफाई का कार्य भी तेजी से होता दिखा। मंदिर के महन्थ मयंक भाल गिरि ने बताया कि आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भोर में तीन बजे भगवान भोलेनाथ की आरती के बाद श्रद्धालुओं के जलाभिषेक हेतु मंदिर का पट खुल जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपील भी की है।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम संपन्न

**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत अजगरा स्थित महावीर सिंह खींची इण्टर कालेज में शुक्रवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे का ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक मिश्र ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य प्री प्राइमरी से ही बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास करना तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। वक्ताओं ने बच्चों में शिक्षा व संस्कार की गुणवत्ता को लेकर अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मस्येन्द्र मिश्र व आशीष खरे से संयुक्त रूप से किया। बच्चों ने राष्ट्रीय गीत, सरस्वती वंदना आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को सील्ड देकर सम्मान किया। इस मौके पर सीडीपीओ ममता सिंह, विजय विश्वकर्मा, संजय शुक्ल, कमलेश सिंह, प्रशांत सिंह, रवीन्द्र प्रताप सिंह, निर्भय सिंह, सुधीर मिश्र, रामसमुझ आदि रहे।

# संवैधानिक मूल्यों व न्याय के लिए तेवर में दिखेगा कांग्रेस का संघर्ष

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया जोश, विकास में तेजी का दिलाया भरोसा



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस देश के संवैधानिक मूल्यों को बचाए रखने के लिए अपना लोकतांत्रिक संघर्ष तेजी से साथ जारी रखेगी। उन्होने कहा कि हिमांचल में भी भाजपा ने लोकतंत्र को कुचलने और जनादेश के निरादर की कुचेष्टा की लेकिन उसे राज्य की सरकार को अस्थिर करने में पूरी तरह असफलता ही हाथ लगी। शुक्रवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी लालगंज नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं से संवाद कर रहे थे। उन्होने कार्यकताओं से कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा में जिस तरह से यूपी में जनता ने हौंसला दिखाया है। उन्होनें कार्यकताओं से इसी हौंसले को बरकरार रखते हुए लोकसभा के चुनाव की रणनीति पर जुटने को कहा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा देश की पहली ऐसी सरकार है जिसने अलोकतांत्रिक ढंग से सीबीआई और ईडी तथा अन्य एजेन्सियों का दुरूपयोग कर विपक्ष के साथ न्याय की आवाज उठाने वाले हर तबके को भयभीत करने का कुचक्र रच रही है। उन्होने कहा कि बीजेपी दमन के चाहे जितने अलोकतांत्रिक रास्ते अख्तियार करे उसे अब जनता बहुत जल्द सत्ता से बेदखल करने का निर्णय ले चुकी है। कैम्प कार्यालय पर उन्होनें जनसमस्याओं की भी सुनवाई की। मंगापुर में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में पांच फायर बिग्रेड के संचालन को लेकर लोगों को शुभकामनाएं दी। इसके बाद राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचे और दर्शन पूजन कर यहां महाशिवरात्रि के परम्परागत उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव की प्रारम्भिक तैयारियों का अवलोकन किया। मंगापुर, रेहुआ लालगंज, सांगीपुर, अमावां आदि स्थानों पर पार्टी कार्यकताओं द्वारा प्रमोद तिवारी का उत्साजनक स्वागत भी दिखा। लालगंज नगर में उन्होंने समाजसेवी अशोक सिंह के हाल ही में निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, केडी मिश्र, डा. अमिताभ शुक्ल, गुडडू सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, दारा सिंह, पन्ने लाल पाल, वैभव सिंह, छोटे लाल सरोज, मुरलीधर तिवारी, सिंटू मिश्र, त्रिभु तिवारी, प्रभात ओझा, पप्पू तिवारी, पवन शुक्ल आदि रहे।

## गरीबों के आंखों की चमक मेरे जीवन का सपना

**रायबरेली।** इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय के द्वारा डलमऊ ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिवालय सलेमपुर में नेत्र परीक्षण निरूशुल्क ऑपरेशन एवम रोगियों को निरूशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य डलमऊ तृतीय व एआईसीसी मेम्बर वीरेन्द्र यादव, एडवोकेट ने किया। नेत्र शिविर 10 बजे से 2 बजे तक चलाया गया जिसमें 129 लोगों के नेत्र परीक्षण किए गए और 56 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया और 27 लोगों को चश्मा लगाए गए मरीजों को आइ ड्रॉप दी गई। इस अवसर पर कमलेश यादव प्रधान, जगदीश यादव, के एस यादव, राकेश कुमार मौर्या, राजन मिश्रा, दीपक कुमार, अखिलेश यादव, रवी यादव चंदी का पुरवा, आलोक यादव समेत सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी के रोड शो सपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दिखा उत्साह



**प्रतापगढ़।** इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी घोषित होने को लेकर शुक्रवार को एसपी सिंह पटेल का क्षेत्र में दमदार रोड शो दिखा। अगई सीमा पर सपा कार्यकताओं के साथ गठबंधन में शामिल कांग्रेस कार्यकताओं ने भी प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल को पार्टी एवं सहयोगी कांग्रेस कार्यकताओं के साथ खुली जीप में जनता का अभिवादन करते देखा गया। सपा नेता एसपी सिंह पटेल के साथ रोड शो में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी को भी पार्टी कार्यकताओं के साथ डटे देखा गया। सपा के लोकसभा चुनाव में जिले से घोषित प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल ने रानीगंज कैथौला, वर्मा नगर, लालगंज, सगरा सुंदरपुर, लीलापुर, अजगरा में लोगों से संवाद कर समर्थन की गुहार की। रोड शो में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष भइयाराम पटेल, वरिष्ठ नेता टीपी यादव, रामधन यादव, रामलगन यादव अवधेश पटेल आदि रहे।

# डॉ.तूलिका चुनाव के लिए स्वीप डिस्ट्रिक्ट आइकन नियुक्त

**मेरठ।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनाव आयोग, भारत सरकार मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए भरसक प्रयत्न कर रहा है। इसी के अंतर्गत जिलाधिकारी लखनऊ ने स्क्वाड्रन लीडर (डॉ) तूलिका रानी को चुनाव आयोग के मुख्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप (सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) की डिस्ट्रिक्ट आइकन नियुक्त किया है। वह चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं में मतदान के महत्व के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के लिए आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी। विभिन्न विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में इलेक्टोरल क्लब के तहत युवा मतदाताओं को भी जागरूक करने में सहयोग करेंगी।

यह जानकारी जिलाधिकारी लखनऊ के आधिकारिक पत्र द्वारा प्राप्त हुई। इसकी प्रति मुख्य विकास अधिकारी /नोडल अधिकारी स्वीप, तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी, लखनऊ को भी प्रेषित की गई है। चुनाव आयोग युवा, महिलाओं, ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं सहित सभी वर्गों के लोगों तक पहुंचकर उन्हें मतदान के संदर्भ में जागरूक कर रहा है। इसीलिए स्क्वाड्रन लीडर (डॉ) तूलिका रानी जैसी प्रतिभाओं को भी इससे जोड़कर उन्हें रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत करके मतदान की अपील कराई जा रही है।

ज्ञात हो कि तूलिका रानी एक पूर्व भारतीय वायु सेना अधिकारी होने के साथ साथ उत्तर प्रदेश से माउंट एवरेस्ट पर सफल आरोहण करने वाली प्रथम महिला तथा एशिया के सर्वोच्च ज्वालामुखी पर तिरंगा फहराने वाली प्रथम भारतीय महिला हैं। वह दस वर्ष सेना में प्रशासनिक अधिकारी एवं आउटडोर प्रशिक्षण इंस्ट्रक्टर के रूप में कार्यरत रहते हुए भारत की प्रथम तीन



महिला फाइटर पायलट सहित सैकणों अधिकारियों को सैन्य प्रशिक्षण दे चुकी हैं। वह भारत, नेपाल, भूटान, रूस, अफ्रीका आदि देशों में एवरेस्ट, किलिमंजारो सहित पच्चीस पर्वतारोहण तथा ट्रैकिंग अभियान कर चुकी हैं, जिसमें हाल ही उनके द्वारा चढ़ी गई यूगांडा, अफ्रीका में स्थित एतिहासिक चोटी माउंट स्टेनले भी शामिल है। वर्तमान में तूलिका रानी एक अंतर्राष्ट्रीय प्रेरणादाई वक्ता, लेखिका, तथा इतिहास की असिस्टेंट प्रोफेसर भी हैं। वह भारत, अमरीका, कनाडा, इटली, इंग्लैंड, आदि देशों में टेड एक्स, रोटरी इंटरनेशनल तथा बहुदेशीय रेडियो एवं टीवी चैनलों सहित दूरदर्शन, ज्ञानवाणी आदि पर 400 से अधिक व्याख्यान तथा साक्षात्कार दे चुकी हैं। वर्ष 2023 में भारत द्वारा ॠ20 की अध्यक्षता के समय उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार, उच्च शिक्षा विभाग की ॠ20 ब्रांड एंबेसडर भी नियुक्त किया गया था, इसके पूर्व वह उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव 2022 में भी चुनाव आयोग की स्वीप ब्रांड एंबेसडर रह चुकी हैं। उन्हें गणतंत्र दिवस 2024 पर प्रसार भारती, भारत सरकार द्वारा सम्मानित अतिथि के रूप में दिल्ली आमंत्रित किया गया था। उनकी उपलब्धियों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रानी लक्ष्मीबाई वीरता पुरस्कार सहित उन्हें 19 पुरुस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। चार किताबों की लेखिका स्क्वाड्रन लीडर (डॉ) तूलिका रानी को उनकी पुस्तक बियोंड दैट वॉल, के लिए मिलिट्री लिटरेचर फेस्टिवल, लखनऊ द्वारा यंग राइटर अवार्ड, तथा साहित्य श्री पुरुस्कार से भी सम्मानित किया गया है। फरवरी 2024 में विश्व के सबसे बड़े पुस्तक मेला नई दिल्ली पुस्तक मेला में नेशनल बुक ट्रस्ट तथा अहमदाबाद लिटरेचर फेस्टिवल के तत्वाधान में उनकी किताबों पर चर्चा का आयोजन किया गया। उन्होंने नेपाल के शेरपा लोगो पर अपना शोध कार्य किया है। युवाओं एवं महिलाओं के लिए साहस, देशभक्ति, कर्मनिष्ठा तथा ओज का प्रतीक स्क्वाड्रन लीडर (डॉ) तूलिका रानी मतदाताओं में मतदान के लिए नवीन उत्सुकता तथा कर्तव्य भाव जागृत करने के लिए चुनाव आयोग की सही चयन हैं।

## 22 जब्त ऊंटों की वापसी के लिए हाईकोर्ट में याचिका, मांगा हर्जाना

**प्रयागराज।** मेरठ में पुलिस द्वारा जब्त किए गए 22 ऊंट गायब होने पर उन्हें ढूंढने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के अनस व उस्मान ने अगस्त 2019 में ईद के दौरान 22 ऊंट लिए थे। तब पुलिस-प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए उनकी कुर्बानी पर प्रतिबंध लगाते हुए सभी 22 ऊंट जब्त कर लिए थे। अनस का आरोप है कि तब पुलिस ने जब्त ऊंट को संरक्षण केंद्र भेजे जाने की जानकारी दी थी। अनस के अधिवक्ता शम्स-उ-जमा के अनुसार तीन वर्ष बीत जाने के बाद उस्मान ने इन ऊंटों के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने मेरठ प्रशासन को ऊंट वापस करने का आदेश दिया, लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया गया। इस पर इस बार अनस ने लापता हुए 22 ऊंटों की वापसी के लिए फिर याचिका दाखिल की। कहा गया कि 2019 में उसके ऊंट पकड़े गए थे, वे अब तक उसे वापस नहीं मिले। अनस का कहना है कि पहले आदेश के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने लिसाड़ी गेट पुलिस से ऊंट को वापस करने को कहा था, लेकिन इसके बावजूद ऊंट वापस नहीं मिले, जबकि इस बारे में कई बार सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट से विधिक स्वामी के पक्ष में ऊंट को सौंपने का आदेश दिया गया। याची का कहना है कि या तो उसे सभी ऊंट दिलाए जाएं या उनका हजार्ना दिया जाय। अधिवक्ता शम्स-उ-जमां के अनुसार याचिका में प्रदेश सरकार के गृह सचिव, कमिश्नर मेरठ, डीएम, एसएसपी और सिटी मजिस्ट्रेट को पक्षकार बनाया गया है।

# काले सांप हैं बागी विधायक : सुक्खू

## किसी भी कीमत पर राज्य की संपत्ति को लुटने नहीं दूंगा : मुख्यमंत्री

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के छह काले सांपों ने अपना सम्मान बेच दिया और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं वाले बजट पर मतदान से अनुपस्थित रहकर सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की।




उन्होंने सोलन जिले के कसौली विधानसभा क्षेत्र के धर्मपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा जो लोग पैसों की खातिर अपना सम्मान बेच दें, वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की सेवा कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन में जो लोग अपनी उस पार्टी से विश्वासघात करते हैं जिसने उन्हें चुनाव लड़ने का मौका दिया, उन्हें काले सांप कहा जाता है। सुक्खू ने कहा कि अगर किसी को अपनी गलती का एहसास है तो उसे माफ किया जा सकता है, लेकिन पहले इन विधायकों को उस जेल से बाहर आना चाहिए जिसमें वे पिछले 72 घंटों से बंद हैं। उन्होंने कहा जिन्होंने पार्टी को धोखा दिया और राज्य के लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया, उन्हें भगवान भी माफ नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के उन छह कांग्रेस विधायकों के लिए यह टिप्पणी की जिन्होंने मंगलवार को राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। सुक्खू ने भाजपा पर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने व कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने से उनकी सरकार के प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जताने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा मैं यहां राज्य के लोगों के लिए, अपने राज्य के विकास के लिए आया हूं, मैं आप सभी के लिए यहां हूं और अपने खिलाफ रची जा रही साजिशों से नहीं डरता। उन्होंने कहा मैं किसी भी कीमत पर राज्य की संपत्ति को लुटने नहीं दूंगा। मेरी जनता मेरी ताकत है और मैं अपनी आखिरी सांस तक सच्ची सेवा करने के लिए बाध्य और प्रतिबद्ध हूं। सुक्खू ने नेता प्रतिपक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर सत्ता का भूखा होने का आरोप लगाया। उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि चाहे कुछ भी हो जाए उनकी सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी।

# नौसेना युद्ध महाविद्यालय के नये भवन का उद्घाटन करेंगे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह



पणजी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पणजी के पास स्थित आईएनएस मंडोवी में पांच मार्च को नौसेना युद्ध महाविद्यालय के नये प्रशासनिक एवं प्रशिक्षण भवन का उद्घाटन करेंगे। नौसेना के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

संस्थान के कमांडेंट रियर एडमिरल अर्जुन देव नायर ने संवाददाताओं से कहा कि यह भवन महाविद्यालय को सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के अधिकारियों को अभी की तुलना में तीन गुना अधिक प्रशिक्षण प्रदान करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि चोल राजवंश की समुद्री शक्ति को ध्यान में रखते हुए इस आधुनिक भवन का चोल नाम दिया गया है। नायर ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पांच मार्च को नये भवन का उद्घाटन करेंगे और समारोह में नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी के अलावा संस्थान के पूर्व कमांडेंट भी हिस्सा लेंगे। नायर ने कहा कि नये भवन का उद्घाटन होने के बाद, अधिकारियों को प्रशिक्षित करने की क्षमता अगले पांच से 10 वर्षों में तीन गुना बढ़ जाएगी।

संक्षेप

## अमेरिकियों से धोखाधड़ी में भारतीय गिरफ्तार

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने अमेरिकी नागरिकों के साथ कथित ठगी से संबंधित धन शोधन मामले में एक वांछित व्यक्ति को जयपुर हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। एजेंसी के मुताबिक, भारत से संचालित कॉल सेंटर से फर्जी तौर पर ऋण प्रदान कर अमेरिकी नागरिकों को ठगने का मामला सामने आया था। ईडी ने बताया कि रफीक खान को इसी सप्ताह धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया था। संघीय एजेंसी ने बताया कि फरार खान को जयपुर हवाई अड्डे पर पकड़ा गया, जहां से वह संयुक्त अरब अमीरात में शारजाह रवाना होने के लिए विमान में सवार होने का प्रयास कर रहा था। एजेंसी ने एक बयान में बताया कि खान, ऋण देने के नाम पर अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले कुछ फर्जी कॉल सेंटर के पीछे साजिशकर्ताओं में से एक है। ये फर्जी कॉल सेंटर ब्याज की कम दर बताकर लोगों को ठग रहे थे। ईडी ने इस मामले में पूर्व में शाहनवाज अहमद जीलानी, विपिन कुमार शर्मा और विराज सिंह कुंतल को गिरफ्तार किया था।

## सरकार किसानों पर नहीं दे रही ध्यान, चुनाव में लगी

चंडीगढ़। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है क्योंकि उसका पूरा ध्यान आगामी लोकसभा चुनाव जीतने पर है। उन्होंने कहा कि सरकार को फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देनी चाहिए और प्रदर्शनकारी किसानों की अन्य मांगों को पूरा करना चाहिए। पंधेर ने कहा, किसानों पर ध्यान देने के बजाय, उनका ध्यान इस बात पर है कि चुनाव कैसे जीता जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मांगें पूरी होने तक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ज्‍ ण माफी सहित अपनी अन्य मांगों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के वास्ते दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। पंधेर ने बताया किसान नेता आपस में चर्चा करने के बाद भविष्य की रणनीति पर फैसला करेंगे। पंजाब-हरियाणा की खनौरी सीमा 21 फरवरी को हुई झड़प के दौरान 21 वर्षीय शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी।

## फुटपात से हटने को तैयार नहीं सिलक्यारा के नायक

नयी दिल्ली। उत्तराखंड में सिलक्यारा सुरंग से मजदूरों को बाहर निकालने वाली टीम का हिस्सा रहे वकील हसन ने कहा कि वह उस जगह से नहीं हटेंगे। दिल्ली में अतिक्रमण हटाओ अभियान में अपना घर खो देने के बाद उन्होंने और उनके परिवार ने फुटपाथ पर ही अपनी दूसरी रात गुजारी। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा उन्हें और उनके परिवार को नरेला में एक ईडब्ल्यूएस फ्लैट उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को ठुकराने के एक दिन बाद हसन ने कहा, मैं और मेरा परिवार खुले में रात गुजार रहे हैं। कुछ स्थानीय लोग हमें भोजन और पानी आदि मुहैया करा रहे हैं।

# परीक्षा माफिया को बचा रही है भाजपा : प्रियंका गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश में पर्चा लीक की एक और घटना का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी परीक्षा माफिया और सरकार में बैठे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए करोड़ों युवाओं की बुनियाद खोखली कर रही है।

उन्होंने 12वीं कक्षा के गणित और जीव विज्ञान के प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही कथित तौर पर व्हाट्सएप पर साझा किए जाने की घटना का उल्लेख किया। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, एक बार फिर पेपर लीकउ आखिर क्यों? भाजपा राज में नौकरी की परीक्षाओं से लेकर बोर्ड परीक्षा तक- लगभग हर पेपर लीक हो रहा है। बोर्ड परीक्षाएं बच्चों की पहली ऐसी चुनौती हैं जिनका सामना करते हुए वे भविष्य बनाना सीखते हैं।

अगर यहीं पर उनके साथ इतना बड़ा धोखा हो जाएगा तो वे आगे क्या करेंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा माफिया और सरकार में बैठे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए भाजपा करोड़ों बच्चों, युवाओं की बुनियाद भी खोखली कर रही है। प्रियंका गांधी ने सवाल किया, क्या भाजपा नहीं चाहती कि प्रदेश के बच्चे अच्छे से पढ़-लिखकर अपना भविष्य संवारें?

# बढ़ते आत्महत्या के मामले चिंता का विषय

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को दावा किया कि गुजरात में पिछले तीन वित्त वर्ष में 25,478 लोगों ने आत्महत्या की है जो राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार की व्यवस्थागत विफलता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मामलों की पारदर्शी जांच होनी चाहिए और उन मुद्दों का समाधान किया जाना चाहिए जो आत्महत्या जैसे कदम के कारण बनते हैं।

खरगे ने एक बयान में कहा, गुजरात सरकार द्वारा राज्य में बढ़ती हुई आत्महत्या दरों पर प्रस्तुत आंकड़े बेहद परेशान करने वाले है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। राज्य विधानसभा में प्रस्तुत आधिकारिक



आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में, 495 छात्रों सहित 25,478 व्यक्तियों ने दुखद रूप से अपना जीवन समाप्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इन दुखद घटनाओं के पीछे मुख्यतः मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधित रोग, गंभीर शारीरिक बीमारियां, पारिवारिक समस्याएं, वित्तीय संकट और परीक्षाओं में असफल होने जैसे कारण शामिल हैं। खरगे ने कहा, यह गंभीर वास्तविकता गुजरात में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की उन जटिल सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने में विफलता को रेखांकित करती है, जिनसे हमारे नागरिक जूझ रहे हैं।

उन्होंने कहा, गुजरात के अहमदाबाद (3,280), सूरत (2,862) और राजकोट (1,287) जैसे प्रमुख शहरों में ऐसे मामलों की सघनता विशेष रूप से चिंताजनक है। अकेले अहमदाबाद में 3,280 मामले सामने आना इस संकट के मूल कारणों को संबोधित करने के लिए प्रभावी नीतियों को लागू करने में सरकार की विफलता को रेखांकित करता है।

# इस साल ग्रीष्मकाल की शुरुआत से अधिक गर्मी पड़ने की संभावना

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को कहा कि भारत में इस वर्ष गर्मी के मौसम की शुरूआत काफी अधिक गर्म रहने की संभावना है तथा पूरे मौसम के दौरान अल-नीनो परिस्थितियों के बने रहने का अनुमान है। उसने कहा कि उत्तर-पूर्व प्रायद्वीपीय भारत-तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं उत्तरी अंदरूनी कर्नाटक तथा महाराष्ट्र एवं ओडिशा के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक दिनों तक लू चलने का पूर्वानुमान है। विभाग ने कहा कि देश में मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा (दीर्घकालिक औसत 29.9 मिलीमीटर के 117 प्रतिशत से अधिक) हो सकती है। विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि भारत के ज्यादातर हिस्सों में मार्च और मई के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि मार्च में उतर और मध्य भारत में लू चलने की संभावना नहीं है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है। महापात्रा ने कहा कि अलनीनो (मध्य प्रशांत महासागर में समुद्री जल के नियमित अंतराल पर गर्म होने की स्थिति) गर्मी के पूरे मौसम में बना रहेगा तथा उसके बाद तटस्थ स्थिति बन सकती है।

# हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में हालिया छापेमारी के दौरान दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिभूतियां जब्त कर लीं और 3.64 करोड़ रुपए मूल्य की नकदी एवं कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर स्थित विभिन्न परिसरों में छापे मारे गए थे।

ईडी ने पूर्व में दावा किया था कि महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने इस मामले में एक हवाला कारोबारी हरि शंकर टिबरेवाल की पहचान की है जो कोलकाता का रहने वाला है लेकिन फिलहाल दुबई में रह रहा है। उन्होंने



बताया कि ईडी ने टिबरेवाल और उसके सहयोगियों के परिसरों में छापे मारे हैं। ईडी का आरोप है कि टिबरेवाल ने महादेव ऐप के प्रवर्तकों के साथ साझेदारी की और वह एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप स्काईएक्सचेंज का मालिक और संचालक भी है। ईडी का आरोप है, वह (टिबरेवाल), दुबई स्थित अपनी कंपनियों के जरिये, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से भारतीय शेयर बाजार में सट्टेबाजी में निवेश कर रहा था। उसने अपने कई सहयोगियों को कई कंपनियों में निदेशक भी नियुक्त कर रखा था, जो शेयर बाजार में सट्टेबाजी में सहायता कर रहे थे। एजेंसी ने बताया कि टिबरेवाल सट्टेबाजी की रकम को बड़े पैमाने पर हवाला के जरिये दूसरी जगह भेजने में भी लिप्त था। ईडी ने कहा कि इसलिए, टिबरेवाल के लाभकारी स्वामित्व वाली 580.78 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियों को निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान एजेंसी ने 1.86 करोड़ रुपये की नकदी और 1.78 करोड़ रुपये की कीमती वस्तुएं बरामद कीं।

प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिफ्तार किया है। संघीय एजेंसी ने पहले कहा था कि ऐप द्वारा अर्जित कथित अवैध धन का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में नेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए किया गया था। ऐप के मुख्य प्रवर्तक और संचालक छत्तीसगढ़ के ही हैं। ईडी ने मामले में अब तक दो आरोप पत्र दाखिल किए हैं, जिनमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के दो मुख्य प्रवर्तकों सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ आरोप पत्र भी शामिल हैं।

# वनों की कटाई पर कोर्ट ने सेना से मांगा जवाब

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुकवार को सेना से राष्ट्रीय राजधानी के दिल्ली छावनी क्षेत्र में सेंट्रल रिज के एक हरित हिस्से में पेड़-पौधों की कटाई के आरोपों पर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति तुषार राव गदेला ने रिज के परिरक्षण एवं संरक्षण की अनुरोध संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए वहां तैनात सैन्य इकाई के अधिकृत अधिकारी को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और सैन्य प्रशासन को वैसी गतिविधियां बंद करने की सलाह दी जिनसे वनों की कटाई हो। जब केंद्र सरकार के वकील ने सेना द्वारा पेड़ों की कटाई से इनकार किया तब न्यायमूर्ति गदेला ने सुझाव दिया कि उस क्षेत्र में पेड़ लगाने जैसे सुधारात्मक



कदम उठाये जाएं क्योंकि दिल्ली में लगाया गया हर पेड़ सोने से अधिक मूल्यवान है। न्यायमित्रों-गौतम नारायण, प्रभाशय कौर और आदित्य एन प्रसाद ने उच्च न्यायालय से कहा कि वे पिछले महीने उस क्षेत्र में गये थे और उन्होंने पाया था कि बिना उचित अनुमति के करीब 25 एकड़ क्षेत्र में पेड़-पौधे काट दिये गये हैं। सेना की ओर से पेश होते हुए केंद्र सरकार के वकील ने कहा कि सेना पहले से मौजूद चाहरदिवारी की मरम्मत और पुनर्निर्माण कर रही है एवं कोई पेड़ नहीं काटा गया। उन्होंने यह भी कहा कि कमांडिंग अधिकारी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के बाद संबंधित वन अधिकारी को जवाब भी भेजा। उच्च न्यायालय ने कहा, नोट पर कोई आदेश जारी किये जाने से पहले, ऐसा जान पड़ता है कि क्षेत्र में मौजूद सैन्य इकाई को हलफनामा दाखिल कर जवाब देने के लिए कहना उपयुक्त होगा। उच्च न्यायालय ने कहा, इस बीच, यह सलाह होगी कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाए जिससे सेंट्रल रिज क्षेत्र में वनों की कटाई हो।

## पेज एक का शेष

### बंगलुरु के

उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। राज्य के पुलिस प्रमुख आलेक मोहन ने इस विस्फोट को बम विस्फोट बताया और कहा कि कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद उन्होंने कहा, एक बजे, होटल (कैफे) में एक बम विस्फोट हुआ जिसमें नौ लोग घायल हुए, लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं है। हम जांच कर रहे हैं। एफएसएल (फोरेंसिक) दल आये हैं और जांच कर रहे हैं। शहर के पुलिस आयुक्त और अन्य अधिकारी घटनास्थल पर हैं। हम निश्चित तौर पर पता लगा लेंगे कि किसने यह किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि घायल कैफे कर्मियों एवं ग्राहकों का इलाज चल रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या इस विस्फोट के लिए आईईडी का इस्तेमाल किया गया तो उन्होंने कहा, हम जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा फिलहाल, हम कुछ न कहें। एफएसएल दल आये हैं और वे जांच कर रहे हैं। वे (घटनास्थल से नमूने) इकट्ठा कर लेंगे, फिर हम (उनका) परीक्षण करेंगे।

रामेश्वरम कैफे की सह संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक दिव्य राघवेंद्र राव ने एक कन्नड़ समाचार चैनल से कहा कि यह विस्फोट उस स्थान पर हुआ जहां ग्राहक अपने हाथ धोते हैं। उन्होंने कहा कि वहां एक स्टैंड भी रखा जाता है जहां अपशिष्ट रखा जाता है। उन्होंने दावा किया कि बाहर से किसी व्यक्ति ने आकर वहां बैग रख दिया जिससे विस्फोट हुआ। इस घटना के सीसीटीवी वीडियो में विस्फोट और धुंआ दिख रहा है तथा डर के मारे ग्राहक एवं अन्य लोग को भागते हुए नजर आ रहे हैं। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस मामले की विस्तृत जांच की मांग की है।

### राज्यपाल से

ओमप्रकाश राजभर की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट को भी इसी कवायद का हिस्सा माना जा रहा है। इस दौरान सीएम योगी ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को रोम रोम में राम नामक पुस्तक भी भेंट की।

### तंबाकू व्यापारी के

कारोबारी करता है तंबाकू सप्लाई इसके साथ दिल्ली स्थित आवास पर भी छापा मारा। सूत्रों के अनुसार रामगंज में कारोबारी का पुराना कार्यालय है। पहले कारोबारी आर्यनगर में रहते थे। सालों पहले वह दिल्ली चले गए और कारोबार अहमदाबाद शिफ्ट कर दिया। शहर में फैक्ट्री है। कारोबारी सभी प्रमुख पान मसाला कारोबारियों को बड़े पैमाने पर तंबाकू सप्लाई करते हैं।

### झारखंड को दी

शासन में रंगदारी चरम पर है और तुष्टीकरण की नीति के कारण घुसपैठ हुई है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि वह विकास विरोधी एवं जनविरोधी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड में 35,700 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने धनबाद जिले के सिन्द्री में स्थित हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का 8,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए झारखंड को भी विकसित राज्य बनाना जरूरी है। केंद्र सरकार राज्य को हर तरह से मदद कर रही है। मुझे भरोसा है कि भगवान बिरसा मुंडा की भूमि विकसित भारत के संकल्पों की ऊर्जा स्रोत बनेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा हमें 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। देश में अक्टूबर से दिसंबर 2023 तक वित्तीय तिमाही के दौरान 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई। यह भारत की बढ़ती क्षमता और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में तेजी से हो रहे विकास को दर्शाती है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित सिन्द्री संयंत्र से प्रति वर्ष लगभग 12.7 एलएमटी (लाख मीट्रिक टन) स्वदेशी यूरिया उत्पादन बढ़ेगा, जिससे देश के किसानों को लाभ होगा। दिसंबर 2021 में गोरखपुर और नवंबर 2022 में रामगुंडम में प्रधानमंत्री द्वारा इसी तरह का संयंत्र राष्ट्र को समर्पित करने के बाद यह देश में तीसरा उर्वरक संयंत्र है जिसे दोबारा शुरू किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने

से 7,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि गरीब, किसान, महिलाएं और युवा देश की प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। मोदी ने कहा इससे पता चलता है कि हमारी सरकार की दिशा, नीतियां और फैसले सही हैं तथा इसका मुख्य कारण यह है कि हमारी मंशा सही है। प्रधानमंत्री ने कहा हमने हमेशा गरीबों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए कदम उठाए हैं, जिसका परिणाम आज दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा 21वीं सदी का भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है और हमने 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है।

### रक्षा मंत्रालय ने

की लागत से ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) से ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, इन मिसाइलों का उपयोग भारतीय नौसेना की लड़ाकू और प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा। दूसरा अनुबंध 988 करोड़ रुपये की लागत से बीएपीएल से जहाज द्वारा संचालित ब्रह्मोस प्रणाली की खरीद के लिए है। यह प्रणाली विभिन्न अग्रिम मोर्चे के युद्धपोतों पर लगाए जाएंगे और हमले के लिए भारतीय नौसेना का प्राथमिक हथियार होगा।

### निर्वाचन आयोग ने

के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए हर संभव कदम उठायें। उन्होंने फिर कहा कि तीन साल से अधिक समय से तैनात अधिकारी हटाएं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण, नए मतदान केंद्रों के गठन, मतदान कर्मियों की नियुक्ति, दिव्यांगों के मतदान की व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया। कॉफी टेबल बुक से भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमों, सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एवं इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन प्रोग्राम (स्वीप) की झलकियों को प्रदर्शित किया गया है। कॉफी टेबल बुक में मतदाता जागरूकता तथा देश का फॉर्म को भी प्रदर्शित किया गया है। साथ ही किस तरह से सोशल मीडिया पर मैं हूँ ना! जैसे अभियानों ने मतदाताओं को अपने विवरण सत्यापित करने के लिए प्रेरित किया और शुद्ध एवं समावेशी मतदाता सूची सुनिश्चित हो पायी, इसका भी उल्लेख किया गया है।

कॉफी टेबल बुक में स्वीप द्वारा युवाओं और नये मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से धरातल पर संचालित की गयीं गतिविधियों को भी फोटोग्राफ के माध्यम से दिखाया गया है। पोस्टर प्रतियोगिताओं, मेहंदी सेशन और नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम भी दर्शाये गये हैं। बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त के साथ वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, उप निर्वाचन आयुक्त ह्रिदेश कुमार, उप निर्वाचन आयुक्त आरके गुप्ता, उप निर्वाचन आयुक्त एमके साहू, महानिदेशक बी. नारायण, निदेशक दीपाली मासिरकर, निदेशक शुभ्रा सक्सेना, सचिव पवन दीवान और संयुक्त निदेशक अनुज चांडक, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारीगण व अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा समस्त मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

### शासकीय कार्यों की

सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) तथा अन्य सेवाओं में अधिकारियों ग्रुप ए के अधिकारियों को रखा जाता है। वर्ष 2018 में शुरू की गई लैटरल एंट्री योजना के तहत, संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के स्तर पर भर्तियां की जाती हैं। इन स्तरों पर अधिकारी नीति-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जो अधिकारी इस प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से आते हैं, वे सरकारी प्रणाली का अभिन्न अंग बन जाते हैं।

### ज्ञानवापी की

और ज्ञानवापी परिसर का समग्र सर्वेक्षण कराने के निर्देश को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की सभी पांच याचिकाओं को खारिज कर दिया था। उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि जिला अदालत के समक्ष दायर किया गया मुकदमा पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत निषिद्ध नहीं है। यह मुकदमा काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा करने का अधिकार मांगने वाले याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर किया गया था। मुस्लिम पक्ष के वादियों ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का हवाला देते हुए इसकी सुनवाई योज्ञता को चुनौती दी थी।

### सड़कों के

और उसके आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या कम होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत भय, भूख और भ्रष्टाचार मुक्त होगा। जिससे कंपनियां हमारे यहां निवेश करेंगी जिससे प्रदेश के लोगों को रोजगार मिलेगा।

रायबरेली में केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आठ परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जो लगभग 4100 करोड़ की लागत की है। परियोजनाओं में रायबरेली, प्रतापगढ़, जौनपुर खंड समानांतर लालगंज आझारा से रानीगंज तक ग्रीन फील्ड बाईपास हाईवे का निर्माण, टांडा रायबरेली खंड का सुदृढ़ीकरण, रायबरेली शहरी क्षेत्र से बांदा खंड का सुदृढ़ीकरण, सलोन, नसीराबाद जायस, जगदीशपुर खंड का निर्माण कार्य, लालगोपालगंज से नवाबगंज तक फोरलेन सड़क का निर्माण, नवाबगंज से मलाक हर हर तक सड़क का निर्माण, लखनऊ रायबरेली खंड में रतापुर व त्रिपुला चैराहे पर दो उपरिगामी सेतु का निर्माण के साथ रायबरेली में फोरलेन रिंग रोड पैकेज टू का निर्माण कार्य शामिल है। जनपद की जनता को सड़कों की सौगात देते हुए उन्होंने रायबरेली से बछरावां, लालगंज और मोहनलालगंज के लिए बाईपास की घोषणा की। रायबरेली में इस अवसर पर मंच पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सदर विधायक अतिथि सिंह, प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता, फूलपुर सांसद स्नेह लता पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चैधरी के अतिरिक्त पूर्व विधायक भी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसों

को टक्कर मार दी, जिससे दो बच्चियों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। रामसनेहीघाट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि सुमेरगंज कस्बे का रहने वाले नीरज (34) अपनी भतीजी वर्तिका (छह) और बेटी योगिता (सात) को मोटरसाइकिल पर भिटरिया स्थित आधुनिक इंटर कॉलेज छोड़ने जा रहा था कि तभी पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने वाहन को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं मोटरसाइकिल चला रहा नीरज भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। नीरज की हालत गंभीर होने के कारण उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर स्थानातंरित कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गयी।

# देश का विकास कर रहीं महिलाएं

## राष्ट्रपति मुर्मू ने बरहम विवि के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

एजेंसी



बरहमपुर (ओडिशा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का युग शुरू हो गया है क्योंकि महिलाएं राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्रों में केंद्रीय भूमिका निभा रही हैं और यह प्रवृत्ति देश के लिए बहुत उत्साहजनक है।

ओडिशा के गंजाम जिले के भांजा बिहार में बरहमपुर विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य, संस्कृति, नृत्य और संगीत में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। राष्ट्रपति ने कहा, हमारी बेटियों का सामर्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी से लेकर पुलिस और सेना तक हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। अब हम महिलाओं के विकास के चरण से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहे हैं। मुर्मु ने कहा, बरहमपुर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों और इस विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में लगभग 45000 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इसमें 55 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं। इतना ही नहीं, स्वर्ण पदक जीतने वालों में 60 प्रतिशत लड़कियां हैं और आज डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने वाले शोधकर्ताओं में भी 50 प्रतिशत लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि यह लैंगिक समानता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश भर में विभिन्न दीक्षांत समारोहों में भाग लेने के दौरान उनकी मुलाकात कई प्रतिभाशाली लड़कियों और महिलाओं से हुई।

### पीएम व राष्ट्रपति ने दीं, स्टालिन को जन्मदिन की बधाई

चेन्नई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई नेताओं ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को शुक्रवार को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। स्टालिन आज 71 वर्ष के हो गए। स्टालिन ने पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी में जन्मदिन का केक काटा। इस कार्यक्रम में टीआर बालू समेत राज्य के मंत्रियों और पार्टी के दिग्गज नेताओं ने हिस्सा लिया। स्टालिन ने द्रमुक के दिग्गज नेता रहे सीएन अन्नादुरई और एम. करुणानिधि के मरीना बीच स्थित स्मारकों पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वह सुधारवादी नेता पेरियार ईवी रमासामी के स्मारक भी गये।

## कश्मीर के कुछ हिस्सों में हिमपात



श्रीनगर। कश्मीर के कुछ हिस्सों में ताजा हिमपात हुआ, जबकि मैदानी इलाकों में कई स्थानों पर बारिश हुई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि गुलमर्ग, तंगमर्ग और दूधपथरी जैसे पर्यटक स्थलों सहित घाटी के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में शुक्रवार रात भर हिमपात हुआ।

उन्होंने बताया कि श्रीनगर समेत घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तीन मार्च तक मामूली बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान कुछ स्थानों पर विशेष रूप से उत्तर, मध्य और दक्षिण कश्मीर और जम्मू संभाग के पीरपंजाल श्रृंखला के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी हिमपात हो सकता है। कश्मीर के मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश या बर्फबारी हो सकती है जबकि जम्मू के मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश हो सकती है और रामबन, उधमपुर और रियासी जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ छींटे पड़ने, बिजली गिरने या ओलावृष्टि होने का अनुमान है। मौसम संबंधित प्रतिकूल पूर्वानुमानो के कारण अधिकारियों ने घाटी के स्कूलों में छात्रों के लिए शीतकालीन छुट्टियां बढ़ा दी हैं। कक्षाएं अब सोमवार को फिर से शुरू होंगी।

## संक्षेप

### पाकिस्तान : अयाज सादिक नेशनल असेंबली के अध्यक्ष निर्वाचित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता सरदार अयाज सादिक शुक्रवार को नवगठित नेशनल असेंबली के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, डाले गए कुल 291 मतों में से सादिक को 199 मत मिले। पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएलए-एन) के उम्मीदवार ने अपने प्रतिद्वंद्वी आमिर डोगर को हराया, जिन्हें सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सदस्यों के हंगामे के बीच केवल 91 वोट मिले। डोगर को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी का समर्थन प्राप्त था। खबर में कहा गया है कि मतगणना पूरी होने के बाद, निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने कहा कि कुल 291 वोट पड़े, जिनमें से एक अमान्य था और बाकी को वैध घोषित किया गया। खान और पीटीआई ने आठ फरवरी को हुए चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली होने और पीएमएल-एन और उसके गठबंधन सहयोगियों पर जनादेश को चोरी करने का आरोप लगाया है। निर्दलीय उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली चुनाव में 93 सीट जीती थीं, जिनमें से ज्यादातर को खान की पार्टी का समर्थन हासिल था।

## विधानसभाध्यक्ष के आदेश के खिलाफ ठाकरे की याचिका पर सुनवाई सात को



एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सात मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा। इस आदेश में नार्वेकर ने जून 2022 में पार्टी के विभाजन के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को असली राजनीतिक दल घोषित किया था। ठाकरे गुट की याचिका को प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष एक मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना था। ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने याचिका का उल्लेख किया और कहा कि आज जिन मामलों की सुनवाई होनी थी उसकी सूची में यह नहीं था। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ से उन्होंने आग्रह किया कि इस मामले को सात मार्च को सूचीबद्ध किया जाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम इसे सात मार्च (बृहस्पतिवार) को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि कई मामले जिन्हें एक मार्च को सूचीबद्ध किया जाना था, उन्हें सूची में शामिल नहीं किया जा सका क्योंकि पीठ को जल्द कार्यवाही समाप्त करनी थी। सिब्बल की ओर से पांच और 12 फरवरी को याचिका का उल्लेख करने के बाद शीर्ष अदालत ने इसे जल्द सूचीबद्ध करने का आश्वासन दिया था। उच्चतम न्यायालय ने 22 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर मुख्यमंत्री शिंदे और उनके समूह के अन्य विधायकों को नोटिस जारी किया था। तब उच्चतम न्यायालय ने इसे दो हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। ठाकरे गुट का आरोप है कि शिंदे ने असंवैधानिक तरीके से सत्ता हासिल की और महाराष्ट्र में असंवैधानिक सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। नार्वेकर ने 10 जनवरी को पारित एक आदेश में शिंदे समेत सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की अपील खारिज कर दी थी। ठाकरे गुट ने विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को स्पष्ट रूप से गैरकानूनी और गलत बताया और कहा कि दल-बदल के कृत्य को दंडित करने के बजाय दल-बदलुओं को पुरस्कृत किया गया है।

## बांग्लादेश की इमारत में लगी आग, 46 की मौत

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सात मंजिला इमारत में बृहस्पतिवार रात आग लगने से कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य लोग घायल हो गए। आग लगने की यह घटना ढाका के बेली रोड इलाके में ग्रीन कोजी कॉटेज इमारत में हुई। यह घटना बांग्लादेश में हालिया वर्षों में आग लगने की सबसे भीषण घटनाओं में एक है। दमकल सेवा के अधिकारियों ने बताया कि इमारत की पहली मंजिल पर स्थित लोकप्रिय रेस्तरां कच्ची भाई में बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजकर 50 मिनट पर आग लग गई जो तेजी से ऊपर की मंजिलों में भी फैल गई। इन मंजिलों पर रेस्तरां एवं कपड़े की दुकानें थीं। बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सामंत लाल सेन ने शुक्रवार को कहा कि ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में 33 और शेख हसीना नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 10 शवों को लाया गया तथा एक अन्य व्यक्ति की पुलिस अस्पताल में मौत हो गई। ढाका के उपजिलाधिकारी (एनडीसी) मुस्तफा अब्दुल्ला अल नूर ने द डेली स्टार समाचार पत्र को बताया कि डीएमसीएच की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती एक और घायल व्यक्ति की सुबह करीब सात बजे मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना वाणिज्यिक इमारत में आग लगने की इस घटना पर करीब से नजर रख रही हैं। अब तक 39 शवों की पहचान हो चुकी है।

इनमें से, कम से कम 31 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। बाकी शव डीएनए जांच के बाद परिजनों को सौंपे जाएंगे। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि डीएमसीएच और शेख हसीना नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 22 लोगों का उपचार किया। जा रहा है और उनकी हालत नाजुक है। सेन स्वयं भी चिकित्सक हैं। उन्होंने डीएमसीएच में संवाददाताओं से कहा बचाए गए लोगों का श्वसन तंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इमारत से 75 लोगों को बाहर निकाला गया जिनमें से 42 लोग बेहोश थे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दमकल सेवा की 13 गाड़ियों को भेजा गया।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com